# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 158 | गौतमबुद्धनगर, मंगलवार 07 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

कुणाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का खुलासा



P- 4

प्रतापगढ़ : डंफर से टकराकर कार में लगी आग, दो की जलकर मौत



P- 5

शाहबाज सरकार में फिर विदेश मंत्री बनेंगे बिलावल भुट्टो-जरदारी




P- 6

रोहित के नाम है सबसे अधिक टी20 विश्वकप खेलने का रिकार्ड



## हैप्पी मॉर्निंग

चिंटू को खुशी के मारे उछलते देख, दोस्त ने पूछा- क्या हुआ इतना खुश कैसे है?
चिंटू- आज पहली बार मुझसे किसी लड़की ने मेट्रो में बात की।
दोस्त- वाह!
क्या बात हुई?
चिंटू- मैं बैठा हुआ था और लड़की बोली उठो ये लेडीज सीट है।




## शायरी

**माना प्रदूषण इस धरती पर**
**हमने बढ़ाई है**
**अब प्रदूषण कम करने की भी**
**कसम खाई है**

## अर्थसार

संसेक्स:
73,895.54
+17.39 (0.024%)
निफ्टी:
22,442.70
-33.15



## मौसम



अधिकतम : 41 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से
सूयोदय मंगलवार : 5 : 40
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 00

# मंत्री के पीएस के नौकर के घर मिला 30 करोड़ कैश

## ईडी ने झारखंड में 6 ठिकानों पर छापा मारा, पीएस के करीबी ठेकेदार के घर भी 3 करोड़ बरामद

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने 6 जगहों पर छापा मारा। ईडी को अब तक 30 करोड़ से ज्यादा कैश मिला है।

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी संजीव लाल के नौकर जहांगीर, पीएस के करीबी ठेकेदार मुन्ना सिंह, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के इंजीनियर विकास कुमार और कुलदीप मिंज के घर रेड डाली गई।



पीएस संजीव के नौकर जहांगीर के घर 30 करोड़ और करीबी मुन्ना के यहां 3 करोड़ से ज्यादा का कैश मिला है। ईडी की टीम ने नोट गिनने की मशीनें और कैश वैन बुलाई है। अब तक नोट गिनने की चार मशीनें घर के अंदर गई हैं। सूत्र बताते हैं कि पैसे इतने हैं कि गिनते-गिनते मशीन गर्म हो रही है। दोपहर बाद एक और गाड़ी मशीन लेकर पहुंची है।

ईडी अधिकारी ने बताया कि रांची में 6 जगहों पर छापेमारी चल रही है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घरेलू नौकर के घर से बड़ी रकम बरामद की गई है। अब तक 30 करोड़ रुपए जब्त किये जा चुके हैं। छापेमारी अभी भी जारी है।

### ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े कई अहम दस्तावेज भी मिले

ईडी की चल रही कार्रवाई के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के सहायक जहांगीर की आवास से न केवल भारी मात्रा में कैश मिला है, बल्कि कई दस्तावेज भी मिले हैं। ये दस्तावेज झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में पदस्थापित अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित हैं।

सूत्रों की माने तो जहांगीर की आवास से एक पत्र भी मिला है जो मुख्य सचिव के नाम लिखा गया है। पत्र में क्या लिखा हुआ है यह स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

# अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। दिल्ली-एनसीआर के बाद अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद सोमवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। ई-मेल मिलने के बाद बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड और पुलिस अधिकारियों की टीमों ने स्कूलों की तलाशी ली। हालांकि, जांच में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। बता दें, हाल ही में रूसी सर्वर से दिल्ली के 100 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। स्कूलों को भेजा गया यह ईमेल तौहीद वॉरियर के नाम से प्रेषित है। ईमेल में लिखे शब्द ये हैं... इस्तिशादी (जिहादी) पूरे शहर में फैल गए हैं और हमला करने के लिए तैयार हैं। तौहीद के योद्धा उन सभी को मार डालेंगे जो हमारी खिलाफत करेंगे। हमारा लक्ष्य गुजरात में शरिया कानून स्थापित करना है। हमारे सामने सरेंडर कर दो या हमारी नफरत से मर जाओ। हम तुम्हारे जीवन को खून की नदियों में बदल देंगे।

# स्कॉर्पियो की मिनी बस से टक्कर, पांच की मौत 20 घायल

झुंझुनू। राजस्थान में झुंझुनू जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र थली गांव में सोमवार को एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद बेकाबू स्कॉर्पियो गाड़ी मिनी बस से टकरा गयी जिससे पांच व्यक्तियों की मौत हो गयी तथा 20 लोग घायल हो गये। मृतकों में बाइक सवार युवक, स्कॉर्पियो में सवार तीन लोग और मिनी बस चालक शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो सामने से आ रही बस में घुस गयी। स्कॉर्पियो में सवार करणवीर, रिंकू पुत्र बलवीर निवासी हमीरवास और कर्णवीर के भांजे राहुल की मौत हो गयी। राहुल नारेडी निजामपुर (हरियाणा) का रहने वाला था। बाइक सवार सुरेश शोभाराम की ढाणी सेफरागुवार (खेतड़ी) ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। हादसे में बस चालक हनुमान (45) मानपुरा



(सिंघाना) की भी मौत हो गयी। मिनी बस सवारियों से खचाखच भरी हुई थी, मिनी बस सिंघाना से बुहाना जा रही थी। जानकारी के अनुसार कार सवार करणवीर (25) सेना में जवान था, जो हमीरपुर का ही रहने वाला था और रविवार रात को ही छुट्टी लेकर ड्यूटी से घर आया था। करणवीर हाल ही में सेना में भर्ती हुआ था जो जबलपुर में पदस्थ था। कार सवार करणवीर अपने गांव हमीरवास से सिंघाना की तरफ जा रहा था। हमीरवास से थली गांव की दूरी लगभग एक किलोमीटर है। हमीरवास स्थित घर से निकलने के बाद 500 मीटर दूर ही हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गये। कार पूरी तरह से पिचक गई। बस के शीशे टूट गये और चालक की लाश सामने का कांच तोड़ते हुये डैशबोर्ड पर लटक गयी। टक्कर के बाद कई लोग सड़क पर उछलकर गिर गये। घायलों को लोडिंग वाहनों और एंबुलेस से सिंघाना हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

# सक्सेना ने की केजरीवाल के खिलाफ़ एनआईए जांच की सिफ़ारिश

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जांच की सिफारिश की है।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में



उपराज्यपाल सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी।

पत्र में कहा गया है कि उपराज्यपाल को यह पत्र वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन-इंडिया नामक संगठन ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि आम आदमी पार्टी ने यह चंदा 2014 से 2022 के बीच में लिया।

उपराज्यपाल ने अपने पत्र ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# पुंछ हमला : सेना ने दो आतंकियों के स्कैच जारी किए

## 20 लाख का इनाम भी

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें 1 जवान कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। सोमवार को सेना ने हमले में शामिल आतंकियों के स्कैच जारी किए हैं। साथ ही उन पर 20 लाख के इनाम का ऐलान भी किया है।

इसी हमले के सिलसिले में पुलिस ने पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया है।

वहीं पुंछ के डन्ना टॉप, शाहस्टार, शिंद्रा और सनाई टॉप इलाकों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी है।




पेपर लीक

**एनटीए बोला- कुछ बच्चे समय से पहले सेंटर से भागे; बिहार से 9 सॉल्वर अरेस्ट**

# राजस्थान-छत्तीसगढ़ नीट के गलत पेपर बंटे, लीक का आरोप

नीट यूजी एग्जाम के पेपर लीक होने के आरोप लग रहे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सोमवार को इन आरोपों को बेबुनियाद बताया। नीट की परीक्षा 5 मई को देश के 557 एग्जाम सेंटर्स पर हुई थी।

इस दौरान, राजथान के सवाई माधोपुर के एक सेंटर और छत्तीसगढ़ के बालोद सेंटर पर हिंदी मीडियम की जगह इंग्लिश मीडियम का पेपर बांट दिए गए। यहां से कुछ छात्र पेपर लेकर भाग गए। एनटीए ने कहा कि इनमें से ही किसी ने पेपर वायरल किया होगा। हालांकि तब तक पेपर शुरू हो चुका था, इसलिए इसे पेपर लीक नहीं माना जाएगा।



उधर, बिहार में नीट की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार किए गए। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल स्टूडेंट हैं। वहीं, पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल स्टूडेंट हैं। महाराष्ट्र के नवी मुंबई से भी एक डमी फर्जी कैंडिडेट की गिरफ्तारी हुई है।

### राजस्थान : हिंदी की जगह अंग्रेजी पेपर बंटे, 116 स्टूडेंट्स ने दोबारा दिया था एग्जाम

सवाईमाधोपुर के बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर मानटाउन सेंटर पर 5 मई को नीट के पेपर के दौरान हंगामा हो गया। यहां हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी माध्यम का और अंग्रेजी माध्यम वालों को हिंदी माध्यम का पेपर दे दिया गया।

विरोध करने पर पुलिस ने स्टूडेंट्स के साथ मारपीट की। इससे परिजन ने स्कूल में विरोध प्रदर्शन किया। सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एनटीए ने शाम 6 बजे से रात 9.30 बजे तक फिर से परीक्षा करवाई, इसमें 120 स्टूडेंट्स बैठे।

### छत्तीसगढ़ में नीट की परीक्षा में गलत पेपर बांटा

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में 5 मई को नीट की परीक्षा दे रहे 391 छात्र-छात्राओं को गलत पेपर बांट दिया गया। 45 मिनट तक प्रश्न पत्र भराया गया, फिर उसे कैंसिल करके दूसरा पेपर बांट दिया। छात्रों ने कहा कि एक्स्ट्रा समय भी नहीं दिया।

### बिहार में 9 सॉल्वर अरेस्ट

बिहार में नीट की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार हुए हैं। ये दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे थे। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल स्टूडेंट हैं। वहीं पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल स्टूडेंट हैं।

# पांच मेडिकल विद्यार्थियों की समुद्र में डूबने से मौत, एक गंभीर

कन्याकुमारी। तमिलनाडु के दक्षिणी जिले कन्याकुमारी में सोमवार को गणपतिपुरम के पास लेमुर समुद्र तट पर एसआरएम मेडिकल कॉलेज तिरुचिरापल्ली की दो महिलाओं और प्रशिक्षुओं सहित पांच विद्यार्थियों की समुद्र में डूबने से मौत हो गयी। प्रारंभिक रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया कि कॉलेज के 12 विद्यार्थी रविवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए तिरुचिरापल्ली से कन्याकुमारी गये थे। वे आज सुबह सूर्योदय देखने के लिए समुद्र तट पर गये। जब वे तट पर लहरों का आनन्द ले रहे थे, उसी दौरान बड़ी लहर ने उन्हें अंदर खींच लिया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और मछुआरों ने चार विद्यार्थियों के शवों को बाहर निकाला और दो अन्य को बचा लिया। बचाये गए लोगों में से एक की असारीपल्लम के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई और दूसरे छात्र की हालत गंभीर है। पीड़ितों की पहचान एम.प्रवीण सैम (23), बी.गायथिरी (25), डी.चारुकवि (23), पी.सर्वदर्शित (23) और वेंकटेश (24) के रूप में की गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही समुद्र तटों से दूर रहने की चेतावनी जारी कर दी थी।

# जबलपुर में ट्रैक्टर पलटने से 5 की मौत

## मरने वालों की उम्र 10 से 18 साल, तीन सगे तो दो चाचा के लड़के थे

जबलपुर। जबलपुर में सोमवार सुबह 11.30 बजे ट्रैक्टर पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की उम्र 10 से 18 साल के बीच है। 10 और 12 साल के दो बच्चे घायल हुए हैं। घटना चरगंवा थाना के तिनेटा गांव की है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया है।

एएसपी सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक, सभी बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। एक ही गांव तिनेटा देवरी के रहने वाले हैं। वे ट्रैक्टर से पानी का टैंकर लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर को 18



साल का धर्मेंद्र ठाकुर (गोंड) चला रहा था। उसकी बहन की आज बारात आना थी। घर से 500 मीटर दूर ही निकले, तभी ट्रैक्टर अनबैलेंस होकर सड़क से उतरकर खेत में पलट गया। बताया जाता है कि हादसे के बाद शादी को आगे बढ़ा दिया गया है।

प्रशासन की ओर से फौरी तौर पर मृतकों के परिजन को 50-50 हजार रुपए और घायलों को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतक बच्चों के परिवारों को 2-2 लाख रु. की सहायता राशि देने की बात कही है। रतलाम दौरे के दौरान उन्होंने मदद की घोषणा की।

# टी-20 विश्वकप के दौरान आतंकवादी हमले की मिली धमकी

नयी दिल्ली। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के दौरान आतंकवादी हमले की धमकी मिली है।

ट्रिनिडैड के प्रधानमंत्री डॉ. कीथ रॉली ने बताया कि टी-20 विश्वकप के दौरान आतंकवादी हमले की धमकी मिली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) खबर की पुष्टि करते हुए कहा है कि उनके पास ऐसे किसी भी खतरे से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा योजना है।

डॉ रॉली ने कहा, 21वीं सदी में भी आतंकवाद का खतरा कई रूपों में बना हुआ है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। टी-20 विश्वकप पर भी आतंकवादी हमले की धमकी मिली है। हालांकि रॉली ने इस धमकी के पीछे किसी संगठन का नाम नहीं लिया है।

आईसीसी ने कहा है, सबकी सुरक्षा और रक्षा हमारी प्राथमिकता है और हमारे पास इससे निपटने के लिए एक व्यापक योजना है। हम मेजबान देश और स्थानीय प्रशासन के साथ बहुत नजदीक से काम कर रहे हैं और हमारी नजर किसी भी जोखिम को हटाने पर है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भी टूर्नामेंट के दौरान सुरक्षा को लेकर आश्वासन भी दिया है।




# नौकरी के नाम पर होती ठगी

नौकरी के नाम पर ठगी एक गंभीर समस्या है जो दुनिया भर में फैली हुई है। यह समस्या विशेष रूप से युवा पेशेवरों और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन चुकी है।

## नौकरी के नाम पर ठगी के प्रकार

**नकली नौकरी विज्ञापन :** ठग नकली नौकरी विज्ञापन बनाते हैं जो प्राय: प्रसिद्ध कंपनियों के नाम पर होते हैं। ऐसे विज्ञापनों में आकर्षक वेतन, सुविधाएं, और पदों का विवरण होता है जो असल में मौजूद नहीं होते।

**फर्जी भर्ती एजेंसियाँ :** कुछ ठग फर्जी भर्ती एजेंसी बनाकर लोगों से शुल्क वसूलते हैं। वे फर्जी नौकरी के अवसरों का वादा करते हैं, लेकिन अंतत: व्यक्ति को कोई नौकरी नहीं मिलती।

**झूठे इंटरव्यू और प्रशिक्षण :** ठग नौकरी के लिए इंटरव्यू आयोजित करते हैं और प्रशिक्षण देने के नाम पर शुल्क वसूलते हैं। इन इंटरव्यू और प्रशिक्षण का असल में कोई मकसद नहीं होता।

**फर्जी दस्तावेज़ :** ठग नौकरी दिलाने के लिए व्यक्ति से फर्जी दस्तावेज़ बनवाने के लिए शुल्क वसूलते हैं। यह दस्तावेज़ वास्तव में कानूनी या मान्यता प्राप्त नहीं होते हैं।

## नौकरी के नाम पर ठगी से बचने के उपाय

**सतर्क रहें :** यदि कोई नौकरी विज्ञापन या ऑफर बहुत ही आकर्षक और असाधारण रूप से बेहतर लगता है, तो उसकी जांच करें। हो सकता है वह ठगी का संकेत हो।

**जांच करें :** नौकरी की कंपनी या एजेंसी के बारे में इंटरनेट पर समीक्षा और विवरण देखें। यह सुनिश्चित करें कि कंपनी वैध है और उसके पास अच्छा प्रतिष्ठा है।

**शुल्क के बारे में सतर्क रहें :** किसी भी नौकरी के लिए आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आपको कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। यदि किसी नौकरी के लिए शुल्क माँगा जा रहा है, तो वह संदेहजनक हो सकता है।

**सत्यापन करें :** किसी भी नौकरी की ऑफर को स्वीकार करने से पहले, कंपनी और पद के बारे में सत्यापन करें। नौकरी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें और कंपनी के कर्मचारियों से संपर्क करें।

**कानूनी मार्गदर्शन लें :** यदि आपको संदेह हो कि आप नौकरी के नाम पर ठगी का शिकार हो गए हैं, तो तुरंत पुलिस या कानूनी सलाहकार से संपर्क करें।

नौकरी के नाम पर ठगी एक आपराधिक अपराध है और इसके लिए विभिन्न देशों में कानूनी उपाय हैं।

ठगी करने वाले व्यक्तियों को धोखाधड़ी, जालसाजी, और आपराधिक विश्वासघात के तहत सजा दी जा सकती है। ठगी के शिकार हुए व्यक्तियों को पुलिस रिपोर्ट दर्ज करनी चाहिए और कानूनी सहायता लेनी चाहिए।

नौकरी के नाम पर ठगी एक गंभीर समस्या है जो न केवल व्यक्तिगत व्यक्तियों को बल्कि समाज को भी प्रभावित करती है। इसे रोकने के लिए सतर्कता और जागरूकता महत्वपूर्ण है।

किसी भी संदिग्ध नौकरी के अवसरों से सावधान रहें और कानूनी मदद लें यदि आप ठगी के शिकार हो गए हैं। यह आपके अधिकार और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है कि आप नौकरी के नाम पर ठगी से बचें।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन



- ललित गर्ग-



लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमश: अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?

भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है। कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं।

मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

# टाईम पास

# पशुओं को दवा देकर दूध का क्रूर उत्पादन


**कभी-कभार दूध में मिलावट करने वालों के खिलाफ तो सख्ती होती देखी जाती है, मगर पशुओं को हानिकारक दवाएं देकर दूध में जो जहर घोला जा रहा है, उस पर अभी तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस संबंध में कड़ाई दिखाते हुए उचित ही संबंधित महकमों को सतर्क रहने को कहा है।**

जैसे-जैसे कृषि व्यवस्था यंत्र आधारित होती गई है, पशुपालन का मकसद शुद्ध रूप से व्यावसायिक होता गया है। दुग्ध उत्पादन एक बड़े कारोबार का रूप ले चुका है। खासकर शहरों में दूध और दुग्ध उत्पाद की लगातार बढ़ती मांग के मद्देनजर दुधारू पशुओं के पालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि देश के ज्यादातर राज्यों ने सहकारी दुग्ध समितियां गठित कर दी हैं, कई कंपनियां भी थैली का दूध और दुग्ध उत्पाद बेचती हैं। मगर बहुत सारे लोग शुद्धता के आग्रहवश अपने मुहल्ले की डेयरी या दूधिया से दूध लेना बेहतर समझते हैं। इस तरह के दूध का कारोबार करने वालों के बारे में लंबे समय से मिलावट करने का तथ्य उजागर है। यहां तक कि नकली दूध का कारोबार भी चलता है। मगर अधिक से अधिक दूध उत्पादन की चाह में जिस तरह गाय-भैंसों और अन्य दुधारू पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाया जाता है, वह एक अलग त्रासद पक्ष है। दवा देकर हार्मोन बढ़ाने से पशुओं में दूध की मात्रा तो बढ़ जाती है, मगर उनकी सेहत पर पड़ने वाला प्रतिकूल प्रभाव उनके लिए भयावह होता है। ऐसे पशु जब दूध देना बंद कर देते हैं, तो उन्हें अनेक तकलीफदेह बीमारियां घेर लेती हैं।

पशुओं को दवा देकर उनका हार्मोन बढ़ाने और अधिक से अधिक दूध खींचने को दिल्ली उच्च न्यायालय ने पशु क्रूरता माना है। अदालत ने अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे राजधानी की डेयरियों में हार्मोन पैदा करने के लिए आक्सीटोसिन नामक दवा के उपयोग का पता लगाएं और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें। अदालत ने खुफिया विभाग से आक्सीटोसिन के उत्पादन और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को भी कहा है। छिपी बात नहीं है कि शहरों में चलाई जाने वाली डेयरियों में दुधारू पशुओं को एक संसाधन की तरह रखा जाता है।


बहुत सारी डेयरियों में तो पशुओं के बैठने, घूमने-फिरने तक की पर्याप्त जगह नहीं होती। उनकी साफ-सफाई का भी उचित ध्यान नहीं दिया जाता। इसलिए अदालत ने यह भी कहा है कि डेयरियों में उचित जल निकासी, पशुओं के घूमने के लिए पर्याप्त खुली जगह, बायोगैस संयंत्र आदि सुनिश्चित कराए जाने चाहिए। डेयरियों को चरागाह वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित कराया जाना चाहिए। मगर दिल्ली जैसे महानगरों में ऐसी जगहें कहां उपलब्ध हो पाएंगी, देखने की बात है। जो डेयरी वाले इलाके थे, अब ज्यादातर में सघन रिहाइशी भवन खड़े हो गए हैं। पशुओं का नैसर्गिक जीवन छीन लेना और फिर दवा देकर उन्हें अधिक दूध उत्पादन को उत्तेजित करना निस्संदेह पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। इस तरह लोगों की सेहत के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। लोग अपने बच्चों को दूध और दुग्ध उत्पाद इस मकसद से देते हैं कि उन्हें उचित पोषण मिलेगा, मगर दवा देकर निकाले गए दूध से बीमारियों और विकृतियों की आशंका बढ़ जाती है। कभी-कभार दूध में मिलावट करने वालों के खिलाफ तो सख्ती होती देखी जाती है, मगर पशुओं को हानिकारक दवाएं देकर दूध में जो जहर घोला जा रहा है, उस पर अभी तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस संबंध में कड़ाई दिखाते हुए उचित ही संबंधित महकमों को सतर्क रहने को कहा है। इससे शायद दुग्ध उत्पादकों में गलत तरीके से दूध पैदा करने की क्रूर कोशिशों पर कुछ लगाम लगेगी।

## काकुरो पहेली -3174




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3173 का हल



## हंसी के फूव्वारें

कठघरे में खडे चोर से जज ने कहा, 'अजीब बात है, जब मैं वकील था तो तुमने मुर्गी चुरायी, जब मैं सरकारी वकील बना तो तुमने एक बकरी चुरायी और आज जब मैं जज बन गया हूं तो तुमने एक भैंस चुरायी आखिर ऐसा क्यों?'

चोर - हुजूर, वजह बहुत साफ है, आपके साथ-साथ मैंने भी तरक्की की है.

मीना (रीना से) - बिना बांहों का स्वेटर तुम कितने दिनों में बना सकती हो.

रीना (मीना से)- यह तो रिश्ते पर निर्भर करता है. यदि स्वेटर प्रेमी का है तो दो दिन में, जीजा का है तो सात दिन में और यदि पति का है तो दो महीने भी लग सकते हैं.

एक भिखारी को बैंक में घुसते देख चौकीदार बोला, 'अरे-अरे बाबा आगे जाओ यहां कुछ नहीं मिलेगा.'

भिखारी (चौकीदार से)- अरे भैया, मै यहां कुछ लेने नहीं अपना पैसा जमा कराने आया हूं.

पत्नी (पति से)- कितनी बार कहा है कि अपने बालों में खिजाब लगाओ, बुड्ढे नजर आते हो.

पति (पत्नी से)- अरे भाग्यवान! अगर मैंने बालों में खिजाब लगा लिया तो लड़कियों से बेधड़क बात नहीं कर पाऊंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3174



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगूं ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३


**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3173



## सूडोकु -3174




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3173 का हल



## शब्द पहेली - 3174



**बाएँ से दाएँ**

1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

### शब्द पहेली -3173 का हल



# कुणाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का खुलासा

## समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो बेटे की जान बच सकती थी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में ढाबा संचालक के अगवा बेटे को ढूंढ निकालने में पुलिस नाकाम साबित हुई। पांच दिन तक परिजन और ग्रामीण प्रदर्शन कर जांच करने की मांग करते रहे। वहीं पुलिस इसे अपहरण का मामला मानने से इन्कार करती रही। बाद में पुलिस ने अगवा करने की बात मानी हालांकि इसके बाद परिजनों से पूछताछ और मारपीट की गई।

ढाबा संचालक कृष्ण कुमार शर्मा का आरोप है कि बीटा- 2 पुलिस की लापरवाही से बेटे कुणाल की जान गई। वह शुरू से ही अनहोनी की आशंका जताते रहे थे। लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो बेटे की जान बच सकती थी। उन्होंने कहा कि हत्या का दोष पुलिस पर है। वह पुलिस को कभी माफ नहीं






करेंगे। इससे पहले, रविवार सुबह बुलंदशहर में अपहृत किशोर का शव मिलने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आनन-फानन परिजन और ग्रामीण बुलंदशहर पहुंच गए। जहां अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने पुलिस की नाकामी पर सवाल उठाए।

शव मिलने के बाद ग्रामीण बीटा-दो कोतवाली पर प्रदर्शन करने के लिए निकल पड़े। रविवार शाम 5 बजे कुणाल का शव रबूपुरा स्थित म्याना गांव लाया गया।

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजन और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। कुणाल का शव म्याना गांव लाए जाने से पहले बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार पहुंच गए थे।

हंगामे की आशंका देख मौके पर बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

परिजनों का कहना है कि पहले ढाबा संचालक कृष्ण कुमार की पत्नी की हत्या हो हुई थी अब बेटे की हत्या की गई है। उन्होंने परिवार के अन्य लोगों की जान पर खतरा होने की बात कहकर सुरक्षा देने की मांग की।

जिसे पुलिस ने मान लिया। अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की बात कही। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार किया गया।

### सिर पर भारी वस्तु के प्रहार से मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर भारी वस्तु के प्रहार से मौत होने की बात सामने आई है। कुणाल के सिर पर लाठी या अन्य किसी ठोस वस्तु से प्रहार किया गया। इसके चलते ब्रेन में चोट पहुंची। चोट बाहरी तरफ न खुलकर अंदर ही ब्लीडिंग होती रही। हत्या के बाद शव नहर में फेंक दिया गया। जांच के लिए विसरा प्रिजर्व कर फोरेंसिक लैब भेजा गया है।

## रोडरेज के बाद महिला पर हमला

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में गाड़ियों के भिड़ने के बाद महिला की गाड़ी का कुछ लोगों ने पीछा किया। इस दौरान उन युवकों ने महिला की गाड़ी का करीब दो से ढाई किलोमीटर तक पीछा किया और गाड़ी को ओवरटेक करने के बाद उस पर बोतल से वार कर दिया, जिससे महिला और गाड़ी में सवार उसके परिवार के लोग बुरी तरह से घबरा गए। गाड़ी के डैशबोर्ड पर लगे हुए कैमरे में महिला के साथ हुई पूरी घटना कैद हो गई। पूरी घटना 2 मई की है। रात में करीब एक बजे एक महिला परिवार के साथ बीटा-2 थाना क्षेत्र से जा रही थी। उसी दौरान आईएफएस विला के पास बीएमडब्ल्यू सवारों से उनकी गाड़ी भिड़ने को लेकर विवाद हो गया। बीएमडब्ल्यू गाड़ी में तीन युवक सवार थे उन लोगों ने महिला को रोकने की कोशिश की। महिला ने अपनी गाड़ी को दौड़ा दिया, जिसके बाद उन युवकों ने महिला का पीछा करना शुरू कर दिया।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हादसे रोकने को चला अभियान

**गौतम बुद्ध नगर।** लगातार बढ़ते सड़क हादसों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अभियान चलाया गया। सड़क पर उतरकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने गलत दिशा से आने वाली गाड़ियों को रोका और उन्हें सही दिशा से जाने के लिए प्रेरित किया। इको विलेज 2 के पास हाल के दिनों में गलत दिशा से आने वाली गाड़ियों की वजह से हादसे हुए हैं।

लोगों को जागरूक करने के अभियान में स्कूल की स्टूडेंट शाम्भवी वर्मा और अर्षिका सिंह ने रॉन्ग साइड में आने वालों से अपील की कि प्लीज सही दिशा में गाड़ी चलाएं, जिससे हम बच्चे भी सुरक्षित रहें।

इस अभियान में बुजुर्ग महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल रहे। सभी लोगों ने हाथ में पंपलेट लिए और उसके बाद उन पंपलेट को रॉन्ग साइड आने वाले लोगों को दिखाया।

छोटे-छोटे बच्चों ने रॉन्ग साइड आ रहे लोगों को रोका और उनसे और रॉन्ग साइड में न चलने की अपील की गई और कहा कि गलत दिशा में गाड़ी हादसे की तैयारी है। इस अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले राजकुमार, आशीष श्रीवास्तव, स्निग्ध सिंह, अमित सिंह, डीके सिन्हा ने कहा है कि इस अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा।

हादसों को रोकने के लिए हम लोग यह अभियान लगातार चलाएंगे और लोगों को लगातार जागरूक भी करेंगे। इस अभियान में अपने साथ ट्रैफिक पुलिस को भी जोड़ा जाएगा।

# 10वीं में नमन व 12वीं में अनन्या ने किया टॉप

## सैल्फ स्टडी, टाइम मैनेजमेंट और ऑन लाइन स्टडी से हासिल किया स्कोर

नोएडा। काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) की 10वीं (आईसीएसई) व 12वीं (आईएससी) के नतीजे घोषित कर दिए गए है। गौतमबुद्ध नगर में तीन स्कूलों में नोएडा के श्री राम मिलेनियम स्कूल के 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट ने टॉप किया।

10वीं में नमन सोनपर ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए और 12वीं में अनन्या सानयाल ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा ग्रेटरनोएडा के सेंट जोसफ स्कूल की 10वीं में वैष्णवी सिंह ने 98.40 प्रतिशत और 12वीं में अदिति सैनी ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए।

गौतमबुद्ध नगर की टॉपर अनन्या सानयाल ने मैथ में 96 इकोनॉमिक में 92 पॉलिटिकल सांइस में 98 हिस्ट्री में 97 और इंग्लिश में 97 अंक अर्जित किए। उन्होंने सैल्फ स्टडी की। एग्जाम के दिन रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई की।

हालांकि उनका मानना है खुद पर भरोसा, सैल्फ स्टडी और टाइम मैनेजमेंट ये गुरु मंत्र है। जिनसे बेहतर स्कोर किया जा सकता है। हा जरूरत पड़ने पर ट्यूशन और यू ट्यूब से मदद ली जा सकती है। लेकिन सोशल मीडिया की अन्य साइट टाइम किलिंग मशीन की तरह है।

उनके पिता सप्त ऋषि और माता वर्षा दोनों की वर्किंग है। लेकिन दोनों की पूरा सपोर्ट उनको मिला। इसके अलावा टीचरों का सहयोग सबसे ज्यादा रहा। कही भी सवालों या किसी प्रकार की क्वेरी में उन्होंने पूरी मदद की। वे आग इकोनॉमिक में रिसर्च करना चाहती है। इसके लिए वे यूएस जाकर अपनी स्टडी को आगे बढ़ाएंगी।

वहीं 10वीं के टॉपर नमन ने पीसीबी , इंग्लिश , स्पेनिश, कंप्यूटर और जोग्राफी के सब्जेक्ट से हाई स्कूल में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। उनका मानना है टाइम मैनेजमेंट से बेहतर कुछ नहीं। स्कूल के साथ उन्होंने ट्यूशन और ऑनलाइन क्लास भी ली।

किसी सवाल में फंसने पर टीचर के साथ ऑनलाइन क्लासेस से काफी मदद मिली। पूरे साल टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई की वो भी सुबह। क्योंकि सुबह फ्रेश मा इंड रहता है। जिससे जो भी पढ़ो आसानी से गेन होता है। वे पर्यावरण सांइस को लेकर सजग है और इसी में अपना फ्यूचर बनाना चाहते है।

इसके अलावा सेंट जोसफ स्कूल की वैष्णवी ने 10वीं में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने मैथ में 100, सांइस में 96, एसएसटी में 98, इंग्लिश में 99 और कंप्यूटर में 99 अंक हालिस किए। उन्होंने सेल्फ स्टडी। कभी कभार सवाल फंसने पर यू ट्यूब पर गई। उनके पिता कुलदीप सिंह और माता रेनु सिंह है। पिता होंडा कंपनी में प्रोजेक्ट हेड है। आगे जाकर इकोनॉमिस्ट बनना चाहती है।

# नोएडा में धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का पर्दाफ़ाश

## पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया, प्रलोभन देकर बनाया जा रहा था दबाव

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने धर्म परिवर्तन के गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के द्वारा कुछ लोगों पर धर्म परिवर्तन करने का दावा बनाया जा रहा था।

नोएडा के थाना एक्सप्रेस-वे में एक व्यक्ति के द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई और बताया गया कि कुछ लोग उनकी बेटी और साले की लड़की पर धर्म परिवर्तन करने के लिए लगातार दबाब बना रहे हैं। उसने बताया कि उन दोनों लड़कियों को कॉल करके बार-बार प्रलोभन देने के लिए कहा जा रहा है। धर्म परिवर्तन करने के लिए जबरन बाइबिल पढ़ने के लिए दबाब बनाया जा रहा है। इस



दौरान उनको कई तरह के प्रलोभन भी दिए जा रहे हैं।

### शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

इस मामले में शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और थाना क्षेत्र के सेक्टर 134 में स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी से 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें चार महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। इनकी पहचान रूथ, ईशु उर्फ ऐश्वर्या, अभिरायन और रवि तेजा निवासी आंध्र प्रदेश। बाई बाई बाय सॉन व ऋषभ नायर निवासी दिल्ली के रूप में हुई। फिलहाल यह सभी आरोपी नोएडा के सेक्टर 134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसायटी में रह रहे थे।

### 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया

नोएडा के डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि धर्म परिवर्तन के मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में शिकायत मिली थी। दोनों पीड़िताओं के संपर्क में पहले ईशु और रूथ आई। दोनों आरोपी महिला ही पीड़ितों को कॉल करके धर्म परिवर्तन के लिए दबाब रही थी। बाकी लोगों के द्वारा इन दोनों महिलाओं को सहयोग किया जा रहा था। फिलहाल इन सभी के खिलाफ धर्म संपरिवर्तन प्रतिपेक्ष अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# उद्यमी से प्रैंक करना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में एक उद्यमी से शख्स को प्रैंक करना भारी पड़ गया। उद्यमी की शिकायत पर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि प्रैंक की जानकारी तब हुई जब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

दरअसल पीड़ित विपिन मल्हन नोएडा के बड़े उद्यमी है और नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष है। शनिवार को उनके पास से अननोन नंबर से फोन आया। फोन कॉल उठाते ही फोन करने वाले ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इसकी जानकारी थाना फेज-1 पुलिस से की।

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया-शिकायत के बाद तत्काल पुलिस ने टीमों का गठन किया। मोबाइल सर्विलांस के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोहर लाल बताया। वो राजस्थान का रहने वाला और ट्रक चलाता है। उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति का किसी भी गैंग से कोई संबंध नहीं है।

आरोपी ने बताया कि वो किसी विपिन मल्हन को नहीं जानता है। उसने नोएडा में लगे एक साइन बोर्ड को देखकर वहां लिखे नंबर पर फोन किया। जिसके बाद उसने धमकी दी। उसका डराने और धमकाने का कोई उद्देश्य नहीं था। उसने बताया कि ये एक प्रैंक कॉल थी। डीसीपी ने बताया कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## दो हजार मेगावाट पहुंची बिजली मांग

नोएडा। गर्मी का पारा चढ़ते ही बिजली की मांग में इजाफा होने लगा। आलम यह है कि इस साल मई के शुरुआत में ही अधिकतम बिजली की मांग 2000 मेगावाट को पार कर चुकी है। रविवार को तापमान भी अधिकतम 42 डिग्री तक दर्ज की गई। आगामी कुछ दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में बिजली की मांग और बढ़ेगी। डिमांड बढ़ने से उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की मार भी झेलनी पड़ रही है। रविवार को भी कई सेक्टरों व गांवों में बिजली तीन से चार घंटे तक गुल रही। तापमान बढ़ने के साथ-साथ इस साल मई में ही बिजली की डिमांड बढ़नी शुरू हो गई है। जबकि पिछले साल 2023 के जून में अधिकतम बिजली की मांग 2000 मेगावाट पहुंची थी। इस साल एक माह पहले ही परेशानी शुरू हो गई है। जिले में कई दशक पुरानी जर्जर लाइनों पर हर साल करीब दस प्रतिशत बिजली की मांग का लोड बढ़ रहा है।

# हिंडन व यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र का चिन्हांकन शुरू

नोएडा। प्रदूषण और अतिक्रमण का शिकार बनीं हिंडन और यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र को तय करने का काम शुरू हो गया है। यूपी सरकार ने खुद एनजीटी में इसके लिए रिपोर्ट दी है। यूपी सरकार का कहना है कि चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता की वजह से काम में देरी हो रही है। ऐसे में चार जून के बाद इसे चार सप्ताह में पूरा करा लिया जाएगा। एनजीटी ने अब तीन महीने का समय इस काम के लिए दिया है। गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में बाढ़ क्षेत्र के चिन्हांकन को लेकर एनजीटी लगातार सख्त बना हुआ है। महेश कुमार और आलोक कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल, डॉ. ए सेंथिल वेल ने कहा है कि चिन्हांकन की प्रक्रिया को पूरा कर अधिकारी तीन महीने में अपनी रिपोर्ट दें। अगली सुनवाई सात अगस्त को एनजीटी इस मामले में करेगा। यह चिन्हांकन नदी के बाढ़ क्षेत्र में हो रहे अवैध कब्जे और निर्माण को रोकने और पूर्व में हुए अवैध निर्माणों पर कार्रवाई के लिए एनजीटी के आदेश पर कराया जा रहा है। इससे पहले एनजीटी को यूपी सरकार की तरफ से बताया गया कि राष्ट्रीय महत्व की संस्था सर्वे ऑफ इंडिया को चिन्हांकन का काम सौंपा गया है। अभी तक यमुना नदी के 75 किमी में से 30 किमी के चिन्हांकन का काम पूरा हो गया है। अगले एक सप्ताह में बाकी 45 किमी में भी चिन्हांकन पूरा हो जाएगा। सर्वे ऑफ इंडिया को भी इसकी रिपोर्ट दी जाएगी। इस संस्था के रिपोर्ट के आधार पर डाटा तैयार करने के बाद इसके बाद सीमांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# अमिताभकांत कमेटी का लाभ न लेने वाले बिल्डरों के आवंटन होंगे निरस्त

ग्रेटर नोएडा। खरीदारों और बिल्डरों की समस्या को दूर करने के लिए बनाई गई अमिताभ कांत समिति का लाभ न लेने वाले बिल्डरों पर सरकार ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। कुल बकाया की 25 फीसदी राशि जमा न करने वाले बिल्डरों का अब भू-आवंटन निरस्त करने की तैयारी है। यूपी के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार सिंह ने तीनों प्राधिकरणों को ऐसे बिल्डरों को अंतिम चेतावनी देकर एक मौका और देने को कहा है। यदि इसके बाद भी अमिताभकांत कमेटी का लाभ नहीं लेते हैं तो तेजी से उनका आवंटन निरस्त कर कब्जा लेने का निर्देश दिया है।

प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या लाखों खरीदारों को घर और मालिकाना हक न मिलने पर दिसंबर-2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमिताभ कांत कमिटी की सिफारिशों को लागू कराया था। इससे बिल्डर-बायर्स की समस्या को दूर करने के लिए कुल बकाया राशि का 25 फीसदी जमा कराकर इसका लाभ लेना था। बड़ी बात यह थी कि सिफारिश लागू होने के 60 दिन के अंदर इसका लाभ लेना है। मगर अब तक काफी बिल्डरों ने इसका लाभ नहीं लिया है। मगर अब शासन ने ऐसे बिल्डरों पर संख्ती करनी शुरू कर दी है। आईआईडीसी की ओर से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण को पत्र लिखकर अंतिम चेतावनी देते हुए बिल्डरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने तीनों प्राधिकरण ने समीक्षा रिपोर्ट भी मांगी है।

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 52 बिल्डर पैसा जमा कराने को तैयार

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में वैसे तो 96 बिल्डर परियोजनाएं हैं और इनमें से करीब 76 को इसमें शामिल करना है। अब तक प्राधिकरण ने 52 बिल्डरों को 25 फीसदी राशि देने के लिए तैयार कर लिया है। जबकि 38 बिल्डरों ने इस राशि को जमा करा दिया है। अभी तक ग्रेनो प्राधिकरण में 17 हजार खरीदारों की रजिस्ट्री का रास्ता खुल चुका है और 2300 से अधिक को मालिकाना हक प्राधिकरण दिला चुका है। बाकी बिल्डरों ने अभी पैसा जमा नहीं किया है, जिससे खरीदारों की रजिस्ट्री नहीं हो पाई हैं। सबसे ज्यादा चार बिल्डरों पर बकाया है और वह अदालत में हैं और उनको छोड़ दिया जाए तो 3600 करोड़ रुपये प्राधिकरण को मिलेंगे। इनमें से प्राधिकरण को पहले चरण में 900 करोड़ रुपये फंसा हुआ मिलेगा।

### 45 बिल्डर तैयार

नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में कुल 57 बिल्डर परियोजनाएं हैं और इनमें से 45 ने प्राधिकरण के समक्ष अमिताभकांत कमेटी का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। 19 बिल्डरों ने पैसा जमा करा दिया है। कुल 35 हजार खरीदारों को लाभ मिलेगा और इनमें से 1300 खरीदारों की रजिस्ट्री हो सकेगी, जबकि 450 खरीदारों को ही अभी तक मालिकाना हक मिल सकेगा। इनमें आम्रपाली आदि समेत ऐसे बिल्डर शामिल नहीं हैं जिनके मामले अदालत में लंबित हैं। यमुना प्राधिकरण की 14 परियोजनाओं में करीब 5000 खरीदार फंसे हुए हैं। इनमें यमुना प्राधिकरण ने खरीदारों को छूट दे दी है कि वह प्राधिकरण का लीज रेंट और किसानों को दिया जाने वाला अतिरिक्त मुआवजा जमा करा दें। इसके बाद सीधी रजिस्ट्री कराकर अपने फ्लैट पर मालिकाना हक ले सकते हैं। प्राधिकरण का दावा है कि वह अगले तीन माह में ज्यादातर खरीदारों की रजिस्ट्री कराकर उनको मालिकाना हक दिला देगा।

# नोएडा में ध्वस्त की जा रही 4 मंजिला इमारत

नोएडा। प्राधिकरण की अर्जित जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण सख्त है। करीब एक सप्ताह पहले प्राधिकरण ने सेक्टर-104 की खसरा नंबर 412 पर बनी एक इमारत को सील किया था। जिस पर लिखा था ये इमारत अवैध है।

नोटिस का जवाब नहीं देने पर सोमवार को प्राधिकरण की टीम दस्ता और स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। यहां प्राधिकरण ने इमारत को ध्वस्त करने के लिए अंदर से उसे तोड़ना शुरू किया।

ये इमारत चार फ्लोर की है। जिसका कंस्ट्रक्शन अभी चल रहा था। इस दौरान सभी फ्लोर पर बने कांच के केबिन और शीशों को तोड़ा गया। कोई हंगामा न हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। आगामी दो से तीन दिनों में इमारत को ध्वस्त किया जाएगा। साथ ही जमीन को प्राधिकरण अपने कब्जे में लेगा। ये जमीन प्राधिकरण की नियोजित जमीन है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि भू माफियाओं ने खसरा नंबर 412 की जमीन पर कब्जा किया था। ये जमीन करीब 4000 वर्गमीटर के आसपास है।

इसकी कीमत करीब 22 करोड़ रुपए के आसपास आंकी जा रही है। इस पर तेजी के साथ निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण अधिकारियों ने विजित के दौरान इसे सील करते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया था। साथ ही भू माफियाओं के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# शार्ट न्यूज

## गाजियाबाद में डीपीएस इंदिरापुरम में अंतर-सदनीय हास्य कविता प्रतियोगिता

गाजियाबाद। गाज़ियाबाद के डीपीएस इंदिरापुरम स्कूल में हिंदी हास्य कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जहां सभी प्रतिभागियों में भरपूर उत्साह देखने को मिला। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी कविता से सभी को मुग्ध कर दिया। सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने इस हास्य कविता प्रतियोगिता का भरपूर आनंद उठाया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूंज उठा। डीपीएस इंदिरापुरम की प्रिंसिपल प्रिया एलिज़ाबेथ जॉन ने बताता की प्रतियोगिता में पहला स्थान गंगा सदन, दूसरा स्थान चेनाब सदन और तीसरा स्थान यमुना सदन को प्राप्त हुआ। प्रतियोगियों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को लोट-पोट कर दिया। इस हास्य कविता प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रजनी सेठ व ख्याति को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए मार्गदर्शन भी किया। डीपीएस इंदिरापुरम की प्रिंसिपल प्रिया एलिज़ाबेथ जॉन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में हास्य का विशेष महत्व है। हास्य के कारण व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा होता है और वह कठिनाइयों का मुकाबला करने में सक्षम होते हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर एनईए अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

नोएडा। नोएडा आंत्रप्रिन्योर्स एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष विपिन मल्हन को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में नोएडा पुलिस और क्राइम रेस्पांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कॉल करने वाले आरोपी मूल रूप से राजस्थान निवासी मनोहर लाल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हरियाणा के चरखी दादरी में रहता है और पिकअप वैन चालक है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एनईए कार्यालय में शनिवार को उद्यमी वीके सेठ समेत अन्य लोग बैठे हुए थे। दोपहर दो बजे के आसपास कार्यालय के टेलीफोन पर एक युवक ने कॉल की और एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन का मोबाइल नंबर मांगा। कर्मचारियों ने मोबाइल नंबर देने से इन्कार कर दिया। इस पर फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का बदमाश बताते हुए विपिन मल्हन और एनईए स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी। फोन करने वाले ने गाली गलौज करते हुए शाम तक विपिन मल्हन की हत्या करने की बात कही। एनईए कर्मचारियों ने इसकी सूचना विपिन मल्हन को दी। इस मामले में उद्यमी वीके सेठ की शिकायत पर कोतवाली फेज-1 में मुकदमा दर्ज कराया गया।

## निवेश के लिए जून में आएंगी 4 कंपनियां

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में जापान की चार कंपनियों ने मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने की इच्छा जाहिर की है। अब यह कंपनियां जून में भारत आकर जमीन का मुआयना करेंगी। इसके बाद निवेश के लिए करार किया जाएगा। यह जानकारी जापान के टोक्यो में आयोजित मिड टेक सम्मेलन में शामिल होकर लौटे यमुना प्राधिकरण के चेयरमैन अनिल सागर व सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सेक्टर-28 में 350 एकड़ जमीन पर मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें अभी तक चार से 6 एकड़ जमीन पर कंपनियां लगाई जा रही हैं। मगर अब 20 से 30 एकड़ के भूखंडों की योजना लाई जाएगी और 100 एकड़ से अधिक भूमि अभी तक सुरक्षित है। मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश बढ़ाने के लिए 17 से 19 अप्रैल तक टोक्यो में मिड टेक सम्मेलन में भाग लिया और इस दौरान 26 बैठकें विभिन्न कंपिनयों के साथ की गईं। इसमें सबसे अहम यह है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी विकसित होने से उद्योग की संभावनाएं अधिक बढ़ रही हैं। इसी कारण बाहरी देश निवेश करने के लिए आगे आ रहे हैं। कोविड-19 के दौरान देश में फैली महामारी को देखते हुए कुछ दवाओं की कमी भारतीयों को झेलनी पड़ी थी। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने की ठानी और मेडिकल डिवाइस पार्क को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई थी।

## सोसाइटी में जलापूर्ति बाधित होने पर हंगामा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित फ्यूजन होम सोसाइटी में रविवार देर रात जलापूर्ति बाधित होने पर लोगों ने हंगामा किया। उन्होंने इकट्ठा होकर एओए के विरुद्ध नारेबाजी की। वहीं, एओए के सदस्यों ने पानी के टैंकर मंगाकर अंडरग्राउंड वॉटर टैंक को भरावाया। लोगों का आरोप है कि एओए ने जल्दबाजी में हैंडोवर ले लिया है। इसके चलते समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं ।लोगों ने बताया कि सोसाइटी का रखरखाव ठीक से नहीं हो रहा। इसके चलते उनको परेशानी हो रही है। रविवार देर रात जलापूर्ति बाधित हो गई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरी रात पानी नहीं आया। पानी के टैंकर भी मंगवाए गए, लेकिन उसे पूर्ति नहीं पड़ी। सुबह लोगों के घरों में जलापूर्ति की गई ।एओए अध्यक्ष के अशोक गुप्ता ने बताया कि प्राधिकरण की मोटर में खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित हुई थी। 10 से 12 पानी के टैंकर मंगाकर अंडरग्राउंड टैंक को भरवाया गया। 27 अप्रैल को ही बिल्डर ने एओए को सोसाइटी हैंडओवर की है। बिल्डर द्वारा बरती गई लापरवाही को ठीक किया जा रहा है। छह साल से सोसाइटी की पाइपलाइन को साफ नहीं किया गया। अब सफाई कराई जा रही है। ऐसे में कुछ घंटे के लिए जलापूर्ति बंद की जाती है। इसकी सूचना निवासियों को पहले ही दे दी जाती है। जल्द ही सभी समस्याओं को समाप्त कर दिया जाएगा।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में दोषी को सजा

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषमुक्त किया है, जबकि छेड़छाड़ में तीन साल कारावास की सजा सुनाई। उस पर बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश/स्पेशल जज, पाक्सो एक्ट (प्रथम) विकास नागर ने की ।विशेष लोक अभियोजक जेपी भाटी ने बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र में वर्ष 2020 में पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने घर में घुसकर उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस मामले में आरोपी पर पाक्सो ऐक्ट भी लगा था। पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। अदालत में केस की सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष की तरफ से नाबालिग का, जो जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया, वह सही नहीं पाया गया। इसके साथ ही अदालत ने पाया कि पीड़िता बालिग है। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने अमन पर दुष्कर्म का आरोप गलत पाया। हालांकि, घर में घुसकर छेड़खानी करने का दोष करार दिया। इस अदालत ने अमन को तीन साल की सजा सुनाई है।

## शादी के बाद रेलवे ट्रैक पर लेटी महिला

मोदीनगर। मोदीनगर की विजयनगर कॉलोनी स्थित रेलवे फाटक 16 पर पति से झगडे के बाद आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर लेटी महिला को बचाना एक युवक को काफी महंगा पड़ा। महिला के पति ने युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। नगर की कृष्णापुरी कॉलोनी निवासी अजय कुमार रविवार रात दस बजे के आसपास मच्छर मारने वाली कोएल लेने के लिए दुकान पर जा रहे थे। जब वह विजयनगर कॉलोनी स्थित रेलवे फाटक 16 के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक महिला रेलवे ट्रैक पर लेटी हुई और थोड़ी देर बाद ही ट्रेन आने वाली है। अजय कुमार ने महिला को किसी तरह ट्रैक से हटाया महिला ने बताया कि मेरा पति से विवाद हुआ है। आए दिन की मारपीट से परेशान होकर आज मैं आत्महत्या करने के लिए आई है। इसके बाद अजय कुमार महिला को लेकर उसके घर पहुंचा। आरोप है कि घर पहुंचते ही महिला का पति अजय कुमार को उल्टी सीधी व गाली गलौच करने लगा। इतना ही नहीं महिला के पति ने अजय पर चाकू से कई वार किए। जिस कारण वह घायल हो गए। किसी तरह भागकर अजय कुमार ने अपनी जान बचाई। अजय कुमार ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रतापगढ़ : डंफर से टकराकर कार में लगी आग, दो की जलकर मौत , तीन की हालत गंभीर

**प्रतापगढ़** । प्रतापगढ़ में सोनावा के पास कार और डंपर में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद आग लग गई। हादसे में दो की मौके पर मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्रयागराज रेफर कर दिया है। कार मे पांच लोग बैठे थे। सभी अयोध्या से दर्शन करके प्रयागराज लौट रहे थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर चिलबिला के पास की है।

यहां चिलबिला के पास तेज रफ्तार कार और डंपर की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। कार से आग की लपटें उठने लगीं। कार में पांच लोग सवार थे। मौके पर दो लोगों की मौत हो गई तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर हालत गंभीर देखते हुए प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जलकर राख हो गई थी। जिसे पुलिस ने क्रेन से हटवा कर सड़क के किनारे कराया।



### घायलों को प्रयागराज रेफर किया गया

सोनावा के पॉलिटेक्निक कॉलेज के हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रयागराज के नैनी थाना क्षेत्र के चकताना निवासी अखिल साहू, सत्यम साहू, और विवेक है। प्रयागराज के रहने वाले है और अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे थे।

# गौमांस की तस्करी मामले में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

### यूपी एसटीएफ की मदद से पुलिस ने बदमाश को पकड़ा

जालौन। जालौन की एट कोतवाली पुलिस यूपी एसटीएफ की मदद से बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गौ मांस की तस्करी में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गौ मांस की तस्करी करने वाला तस्कर पिछले 5 माह से फरार चल रहा था। इसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया। इस मामले का खुलासा करते हुए कोंच के सर्किल ऑफिसर उमेश कुमार पांडेय ने बताया कि 21 दिसंबर 2023 को मुखबिर की सूचना पर एट कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर में 21 हजार किलो संदिग्ध मांस बरामद किया था। प्रपत्रों की जांच में फर्जी कूट रचित दस्तावेज एवं अवैध तरीके से परिवहन करके इसे ले जाया जा रहा था, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मांस को पकड़ा वह गौ मांस था, जिसमें पुलिस ने पांच लोगों की गिरफ्तारी करते हुए जेल भेज दिया था। जब इस मामले में मोहम्मद जुबेर कुरेशी पुत्र मोहम्मद लाइक निवासी बृजपुरी एक्सटेंशन परवाना रोड थाना जगतपुरी ईस्ट दिल्ली फरार चल रहा था, जिस पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर उसके ऊपर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

# मुजफ्फरनगर में लुटेरी दुल्हन समेत 7 गिरफ्तार




मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के तितावी थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो अविवाहित युवकों को अपने जाल में फंसाकर शादी कराते हैं। इसके बाद एक रात के लिए दुल्हन बनी युवती जेवर और कीमती सामान समेटकर फरार हो जाती है। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह में शामिल महिलाएं बिचौलिया की भूमिका निभाती हैं। गिरोह के अधिकांश सदस्य उधम सिंह नगर के रहने वाले हैं। जबकि मध्यस्थता करने वाली महिला तितावी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। एसपी देहात आदित्य बंसल ने पूरे गिरोह का राजफाश किया है। यह गिरोह अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है।

# गाजीपुर में विशाल यादव हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

### 3 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, मारपीट के अपमान का बदला लेने के लिए घटना को दिया था अंजाम

गाजीपुर। गाजीपुर स्वाट/ सर्विलांस टीम व थाना भुड़कुड़ा पुलिस द्वारा बीते दिनों थाना भुड़कुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम श्रीरामपुर (रामबन) में विशाल यादव उर्फ बागी की निर्मम हत्या हुई थी। जिसका खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पूर्व में मृतक द्वारा की गई पिटाई के चलते आरोपियों ने इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि बीते 4 मई को थाना भुड़कुड़ा क्षेत्र के ग्राम श्रीरामपुर (रामबन) में राम अखाड़ा के पास स्थित कुआ में मृतक विशाल यादव उर्फ बागी की हत्या कर शव फेंकने के मामले में आरोपी नन्दन उर्फ छोटू यादव, विवेक यादव उर्फ बिजली और अमित उर्फ विशाल यादव को चौजा पुल से गिरफ्तार किया गया है। तीनों मृतक के गांव के ही रहने वाले है। पूछताछ में गिरफ्तार नन्दन उर्फ छोटू यादव ने बताया कि मैं मृतक विशाल यादव उर्फ बागी की बहन से प्यार करता था। जिसके बारे में मृतक व उसके परिजन को जानकारी हो जाने पर मृतक विशाल ने मुझे काफी मारा-पीटा था। इसके साथ ही अपमानित किया था। इसके अतिरिक्त हत्याकांड का दूसरा आरोपी अमित उर्फ विशाल भी मृतक की बहन को चाहने लगा था। जिसकी जानकारी होने पर मृतक द्वारा मुझे व अमित दोनों को मारपीट कर थूक चटवाया था। जिससे हम लोग काफी अपमानित महसूस कर रहे थे। इस अपमान का बदला लेने के लिए हम दोनों ने विवेक यादव उर्फ बिजली के साथ मिलकर मृतक की हत्या की साजिश कर पिछले तीन-चार दिनों से प्रयास में थे।



उस रात गांव में बाटी-चोखा का कार्यक्रम था। जिसमें हम-तीनों भी मृतक के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद में मृतक को विश्वास में लेकर उसे अलग ले गए।

जहां मोटरसाइकिल के साकर व डण्डे से उसके सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद शव को छिपाने के उद्देश्य से कुंआ में फेंककर वहां से फरार हो गया था।

# हापुड़ में गर्मी के साथ बढ़ीं आग की घटनाएं

हापुड़। गर्मी की शुरुआत होते ही शार्ट सर्किट व अन्य कारण से जिले में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। बिजली के जर्जर तारों से निकलने वाली चिंगारी किसानों की मेहनत पर पानी फेर रही है, लेकिन अग्निशमन विभाग के पास आग बुझाने के न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही स्टॉफ है। ऐसे में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाना विभाग के लिए चुनौती है। जिले में आग लगने से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तीनों तहसीलों में एक-एक फायर स्टेशन बना हुआ है। वहीं धौलाना के यूपीसीडा क्षेत्र में अस्थाई रूप से फायर स्टेशन का संचालन हो रहा है, लेकिन संसाधनों के अभाव में बड़ी आग की दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए दूसरे जिलों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का सहारा लिया जाता है। जिले की तीन फायर स्टेशनों पर 12000 लीटर क्षमता का एक बाऊजर, 5000 लीटर क्षमता की तीन गाड़ियां उपलब्ध हैं। तरल पदार्थों में लगी आग पर काबू पाने के लिए 5000 लीटर क्षमता की एक फॉम टेंडर मशीन मौजूद रहे। वहीं 2500 लीटर क्षमता की दो गाड़ियां, 500 लीटर क्षमता के दो वाटर मिस्ट विभाग के पास हैं। इसके साथ ही आग बुझाने वाली एक बाइक और चार पोर्टेबल पंप भी उपलब्ध हैं। लेकिन जिले की आबादी के हिसाब से नाकाफी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा का कहना है कि संसाधन और स्टॉफ की उपलब्धता के लिए शासन से मांग की गई है। जल्द ही उपलब्धता के बाद जिले में पर्याप्त संसाधन और स्टॉफ लगभग पूरा हो जाएगा।



# बलिया के बृजेश सिंह हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

बलिया। बलिया के खेजुरी गांव में दिनदहाड़े हुए बहुचर्चित बृजेश सिंह हत्याकांड में पुलिस ने एक और हत्यारोपित को गिरफ्तार किया। इससे पहले पुलिस द्वारा 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को खेजुरी थाना क्षेत्र के खेजुरी में बृजेश सिंह (26) की हत्या दिनदहाड़े कर दी गई थी। मामले में बड़े भाई नितेश सिंह की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई थी।

# लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, तीन लोग झुलसे

लखनऊ। लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार में स्थित एक घर में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की लपटों को देख मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। घर में मौजूद लोग जान बचाकर बाहर की ओर भागे, लेकिन इस दौरान बच्चे समेत तीन लोग झुलस गए। पड़ोसियों ने दमकल विभाग को सूचना दी, हालाकि दमकल के पहुंचने से पहले पड़ोसियों ने आग पर काबू पा लिया,जिसके बाद उन्हें पास के नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया । मिली जानकारी के मुताबिक, बंगला बाजार के लोधी टोला में धनीराम लोधी परिवार संग रहते हैं। बीती रविवार देर शाम करीब आठ बजे घर में उसकी बहू खाना बना रही थी कि इसी दौरान सिलेंडर में गैस लीकेज होने के कारण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में ग्यारह वर्षीय नारायण आ गया जिसे बचाने चाचा अनूप व राजकुमार आगे बढ़े तो वह दोनों भी आग की चपेट में आकर झुलस गए।

## पिटाई से आहत होकर युवक ने की थी आत्महत्या

शामली। शामली की सदर कोतवाली क्षेत्र में 3 दिन पहले एक युवक का पेड़ पर फांसी से लटका हुआ शव बरामद हुआ था। पुलिस ने मृतक की मौत के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आरोपी दोस्त हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाढ़ के पास खेसरी मजरा वन विभाग की जमीन पर लगे पेड़ से नितिन उप चिंटू का शव लटका हुआ मिला था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जिसमें मेडिकल रिपोर्ट में पाया गया कि मृतक के साथ पहले मारपीट की गई थी और फिर उससे आहत होकर उसने आत्महत्या की है। घटना के मामले में मृतक नितिन के पिता धीरेंद्र कुमार ने तीन लोगों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें पुलिस ने गौरव पुत्र विजेंद्र, हिमांशु पुत्र ओमप्रकाश और दीपांशु पुत्र संजय तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों युवक कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव ऊंचा गांव के रहने वाले हैं। तीनों दोस्त हैं। वहीं इस मामले में थाना अध्यक्ष समय पाल पुलिस अधिकारी का कहना है कि नितिन की मौत के मामले में जांच पड़ताल की गई, तो इनका किसी के साथ किसी लड़की को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें तीनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी। आरोपियों के द्वारा मारपीट से आहत होकर उसने आत्महत्या की। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# स्वामी प्रसाद पर जूता फेंकने वाले पर 11 लाख इनाम

### पार्टी प्रत्याशी बोले- हाथ काटने वाले को दूंगा, 3 दिन पहले किया था हमला

आगरा। फतेहपुर सीकरी से स्वामी प्रसाद की पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा- स्वामी पर जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख का इनाम देंगे। स्वामी 3 मई को होतम सिंह का प्रचार करने गए थे, तभी उन पर हमला हुआ।

होतम सिंह ने वीडियो बयान जारी किया। कहा- धर्मेंद्र धाकड़ ने हमारे नेता पर काली स्याही फेंकी। काले झंडे दिखाए। इससे भी मन नहीं भरा, तो भरी सभा में जूता फेंका। यह ओबीसी और निषाद समाज का अपमान है। निषाद समाज दरिया में डुबाना जानता है, तो निकालना भी जानता है।

होतम सिंह ने कहा- सामंतवादी विचारधारा के लोगों को निषाद समाज के बेटे का सजाया मंच रास नहीं आया। इसलिए यह काम किया। धर्मेंद्र धाकड़ का हाथ और हिंदुत्ववादी नेता संजय जाट की जुबान काटकर लाने वाले को 11 लाख का इनाम दूंगा। होतम सिंह के इस बयान के बाद हिंदू संगठन के नेताओं ने धर्मेंद्र धाकड़ को पुलिस सुरक्षा देने की मांग की है।

#### रामचरितमानस की पंक्तियों पर बोले होतम

वीडियो में होतम सिंह निषाद ने कहा- हिंदुत्व और सनातन के बारे में स्वामी बहुत जानकारी रखते हैं। तुलसीदास ने शूद्रों की ढोल, गंवार और पशुओं से तुलना की। शूद्र चाहे कितना भी विद्वान हो जाए, पूज्यनीय नहीं है। ब्राह्मण हर हाल में पूज्यनीय है। यह विवादित है। वाल्मीकि की लिखी गई रामायण पर कोई सवाल क्यों नहीं उठाता ?

होतम सिंह ने कहा- पुलिस ने जूता मारने वाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद हिंदू महासभा की ओर से भड़काने वाला वीडियो जारी किया गया।

कोई हमारे नेता और समाज को गाली देगा, तो हम चुप नहीं बैठेंगे। मेरे लिए चुनाव बाद में है, पहले समाज है। समाज की ओर से 11 लाख रुपए का इनाम चंदा कर दिया जाएगा।

#### होतम सिंह के पास है 88.07 लाख की संपत्ति

चुनावी हलफनामे के मुताबिक, होतम सिंह के पास कुल 88.07 लाख की संपत्ति है। इसमें चल 6.27 लाख और अचल संपत्ति 81.8 लाख है। उन पर 3.82 लाख का लोन है। सोर्स ऑफ इनकम हलवाईगीरी और खेती-किसानी बताया गया। होतम ने साल 2012 में BSC किया था।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने किया हरगांव पावर हाउस का घेराव

### दिया ज्ञापन लिखित आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना प्रदर्शन

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर। शासन प्रशासन के कड़े निर्देशों के बावजूद वर्तमान समय में जिले के हरगांव थाना क्षेत्र में इन दिनो विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी चल रही है ।जिससे ग्रामीणों सहित किसानों को भयंकर परेशानी से गुजरना पड रहा है।

जिससे परेशान होकर हरगांव क्षेत्र के किसानों ने किसान संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में लामबंद होकर 33/ 11के वी ग्रिड सब स्टेशन हरगांव का घेराव करके उप खण्ड अधिकारी हरगांव को ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव क्षेत्र में इस समय काफी दिनों से विद्युत आपूर्ति बेपटरी चल रही है ।जिससे किसानो को खेतों की सिंचाई व पलेवा करने में दिक्कत आ रही है। इससे परेशान होकर हरगांव क्षेत्र के किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष पिंदर सिंह सिध्दू के नेतृत्व में 33/ 11के वी विद्युत उप केन्द्र हरगांव का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पाकर उप खंड अधिकारी हरगांव,अपराध निरीक्षक थाना हरगांव, सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे ।किसान नेताओ ने अपनी मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन उप खण्ड अधिकारी पावर हाउस हरगांव को सौंपा।



समाधान के तौर पर किसान नेताओ व विद्युत अधिकारियों के आपसी सामंजस्य से लिखित तौर पर यह निर्णय किया गया कि 22 मई 2024तक हैदरपुर फीडर पर पांच एम वी ए के पावर परिवर्तक को स्थापित कर किसानों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति जारी कर दी जाएगी ।वही किसान नेताओ ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 22 मई 2024 तक पांच एम वी ए का पावर परिवर्तक नहीं लगाया जाता है।

तो किसानों को मजबूर होकर अगले दिन बिजली विभाग के बडे अधिकारियों का घेराव करना पड़ेगा। जिससे उत्पन्न किसी भी अशान्ति के लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर ज्ञानी गुरदीप सिंह चीमा,हरदेव सिंह,बलवंत सिंह,चन्ना सिंह,सेवा सिंह आदि भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# सात मई 2024 तक तहसील बिसवां व मिश्रित घोषित की गई नो फ्लाईग जोन

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**

सीतापुर ।अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, सीतापुर की आख्या दिनांक 05 मई 2024 के द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 07 मई 2024 को मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ का जनपद सीतापुर में मेला मैदान मिश्रित एवं विधान सभा सेवता क्षेत्रान्तर्गत अक्सोहा में दो स्थानों पर चुनावी जनसभा का कार्यक्रम प्रस्तावित है ।मुख्यमंत्री के भ्रमण के समय विभिन्न आतंकवादी संगठन से जीवन का भय है तथा विभिन्न विरोधी राजनैतिक विचारा धारा/समूहों द्वारा गुब्बारों, ड्रोन व पतंग आदि के माध्यम से विधि विरूद्ध विरोध किये जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा दिनांक 06 मई2024 से दिनांक 07मई2024 तक उक्त क्षेत्र को नो-फ्लाईग जोन घोषित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त एतद्द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक सात मई 2024 तक तहसील मिश्रित क्षेत्रान्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र एवं तहसील बिसवां क्षेत्रान्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र फ्लाईग अब्जेक्ट/ड्रोन उड़ान आदि को प्रतिबन्धित किया है। उपरोक्त तात्कालिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये यह सम्भव नहीं है कि जिन पर यह आदेश लागू होगा, को सूचित कर उन्हें सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाये, अत: यह आदेश तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है, जो सम्पूर्ण जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी होगा।

## शार्ट न्यूज

### कुंए में गिरकर दंपती की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के हंडिया क्षेत्र में महिला को बचाने के प्रयास में कुंए में गिरने से उसके पति की भी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र के दुलापुर गांव निवासी लवकुश विश्वकर्मा (32) का रविवार की देर रात किसी बात को लेकर पत्नी पिंकी (29) से विवाद हो गया था। आक्रोश में पिंकी आत्महत्या करने के लिए घर के पास कुंए की तरफ भागी। उन्होंने बताया कि लवकुश भी उसको बचाने के लिए उसके पीछे दौड़ा। जगत पर चढ़कर पिंकी ने जैसे ही कुंए में छलांग लगाई तबतक लवकुश ने उसके एक हाथ को पकड़ कर बचाने का प्रयास किया। लेकिन वह संभल नहीं सका और पिंकी सहित कुंए में गिर गया जिससे दोनो की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दंपती को सात बेटियां हैं। उन्होंने बताया कि रात में ही फायर ब्रिगेड़ की सहायता से दंपती के शव को कुंए से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लखनऊ में दिन का पारा 42 डिग्री पार

लखनऊ। लखनऊ में मौसम ने करवट बदल ली है। तेज धूप और झुलसा देने वाली गर्म हवाएं लोगों को परेशान करने लगी है। रविवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा रहा। यह सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा है। मौसम विभाग की मानें तो आज सोमवार को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। शाम को 1 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मंगलवार से पारा नीचे आएगा। लखनऊ में पश्चिमी विक्षोभ तेज हवाओं के कारण धूल के कण उड़ रहे हैं। मौसम विभाग ने बताया कि धूप की किरणें सीधे धरती पर पड़ने की वजह से पारा 42.5 पहुंच गया है। रविवार को सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। शाम को भी लोगों ने बाहर निकलने की हिम्मत नहीं की। दोपहर 4 बजे तक तपा देने वाली धूप बनी रही। हालांकि इसके बाद कुछ हल्की हुई लेकिन खास असर नहीं हुआ। पैदल और बाइक-साइकिल से चलने वालों को गर्म हवाओं का एहसास हुआ। मंगलवार तक गर्मी झेलने के बाद बुधवार-गुरुवार को बूंदाबांदी या बारिश के संभावना है। बीते 24 घंटों के अनुसार न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### लखनऊ में दूध विक्रेता की सड़क हादसे में मौत

लखनऊ। लखनऊ के दुबग्गा कोतवाली इलाके में सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात वाहन ने दूध विक्रेता को टक्कर मार दी। दूध विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी चालक फरार है। घटना सोमवार की है। हादसे के बाद इलाके में भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर जाम की स्थिति भी बन गई। सूचना के बाद पुलिस और मृतक के परिवार के लोग भी पहुंचे। परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक झकरबाग, दुबग्गा का रहने वाला अशरफ (45) पुत्र बाबू दूध का काम करता था। सोमवार को 1 बजे दूध बांटने निकला था। अशरफ बकरा मंडी, जॉगर्स पार्क के पास सर्विस लेन पर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। अशरफ के साथ उसके दोनों बच्चे भी थे। हालांकि घटना में बच्चे सुरक्षित बच गए। लेकिन अशरफ की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके से पहुंची ने शव का पीएम के लिए भिजवा दिया। पुलिस सीसीटीवी की मदद से ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

### 8-साल की मासूम बच्ची से रेप की कोशिश

जालौन। जालौन में घर पर खेल रही 8 साल की मासूम बच्ची के साथ एक युवक ने रेप करने की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, मगर तब तक आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मासूम बच्ची के परिजनों ने पुलिस से की। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के एक इलाके का है। इस इलाके की रहने वाली 8 वर्षीय मासूम बच्ची घर पर खेल रही थी। तभी सोमवार की सुबह करीब 10 बजे ट्रैक्टर ट्राली से भूसा लेकर आया एक मजदूर राजा करन उर्फ मुन्नी पुत्र खेमराज निवासी बम्हौरी कला थाना आटा ने भूसा डालने के दौरान घर में खेल रही 8 वर्षीय मासूम बच्ची को अकेला देखकर उसे पकड़ लिया और उसके गाल पर काटकर रेप करने की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर मासूम बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश करने वाला मजदूर राजा करन मौके से भाग गया, इस घटना की शिकायत मासूम बच्ची के परिजनों ने उरई कोतवाली पुलिस से की, जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### चंदौली पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर अपराधी

चंदौली। चंदौली के सदर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को छित्तों गांव के समीप से एक शातिर अपराधी को दबोच लिया। जांच के दौरान आरोपी के पास से प्रतिबंधित नाइन एमएम की पिस्टल और एक तमंचा बरामद हुआ। ऐसे में पुलिस ने युवक को हिरासत में लेने के साथ ही उसके लग्जरी कार को सीज कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था। आपको बता दें कि सदर कोतवाली में तैनात दरोगा रावेंद्र सिंह हमराहियों के साथ छित्तों गांव के पास संदिग्ध लोगों की जांच में जुटे थे। इसी बीच सूचना मिली कि कार सवार एक युवक नशे की हालत में छित्तों गांव के करीब से गुजरने वाला हैं। ऐसे में पुलिस टीम ने घेराबंदी करके रेलवे क्रासिंग के पास एक लग्जरी कार को रोक लिया। जिसके अंदर बैठा युवक पुलिस को देखकर घबरा गया। यह देख पुलिसकर्मियों ने आशंका जताते हुए युवक की तलाशी ली, तो उसके पास एक प्रतिबंधित नाइन एमएम की पिस्टल और कुछ कारतूस बरामद हुआ।

### कौशांबी में हादसे में चचेरे भाइयों की मौत

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुनवार पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार युवकों को क्रेन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना पुलिस ने घायलों को मंझनपुर मेडिकल कॉलेज एंबुलेंस के जरिए भेजा। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पश्चिम शरीरा के रतन का डेरा में बेचू लाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। बेचूलाल खेती किसानी कर अपनी और परिवार की गुजर बसर करते हैं। बेचू का एक बेटा शारदा प्रसाद पिता के साथ खेत में हाथ बटाया करता है। इसके अलावा वह स्नातक के पढ़ाई कर रहा था। करारी थाना क्षेत्र के गुवारा का रहने वाला उमेश कुमार अपनी बुआ के घर आया था। शारदा प्रसाद व उमेश कुमार आपस में चचेरे भाई हैं। उमेश गर्मी की छुट्टियां मनाने आया था। शारदा और उमेश सोमवार की दोपहर बाइक से पश्चिम शरीरा बाल कटिंग कराने घर से निकले थे। रास्ते में उनकी बाइक पुनवार पेट्रोल पंप के पास पहुंची थी तभी सामने से आए तेज रफ्तार क्रेन ने बाइक में टक्कर सामने से मार दी।

### अवैध प्रेम प्रसंग में हुई थी विशाल की हत्या

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम श्रीरामपुर (रामबन) में मृतक विशाल यादव उर्फ बागी पुत्र पारस नाथ सिंह यादव की हुई हत्या का अनावरण करते हुए पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशादेही पर आलाकत्ल व मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने इसकी जानकारी मीडिया को दी। उल्लेखनीय है कि गत चार मई को थाना भुड़कुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम श्रीरामपुर (रामबन) में राम अखाड़ा के पास स्थित कुएँ में मृतक विशाल यादव उर्फ बागी पुत्र पारस नाथ सिंह यादव निवासी ग्राम श्रीरामपुर (रामबन) थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर की हत्या कर शव फेंकने के प्रकरण में थाना भुड़कुड़ा पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। मौका-ए-वारदात पर पुलिस कप्तान ने हत्याकांड का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीमों का गठन किया था। हत्यारों की सुरागरसी में लगी स्वाट/ सर्विलांस टीम व थाना भुड़कुड़ा पुलिस टीम द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयास के फलस्वरुप छह मई सोमवार को हत्या से संबंधित अभियुक्त नन्दन उर्फ छोटू यादव पुत्र रामप्यारे यादव, विवेक यादव उर्फ बिजली पुत्र राजदेव यादव तथा अमित उर्फ विशाल यादव पुत्र अशोक यादव निवासीगण ग्राम श्रीरामपुर थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर को चौजा पुल से समय करीब साढ़े तीन बजे गिरफ्तार कर लिया।

## ब्राजील में बाढ़ से 75 लोगों की मौत, कई लापता



ब्राजीलिया। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांड डो सुल में भारी बारिश से आई बाढ़ में पिछले सात दिन में कम से कम 75 लोगों की मौत हो गई है और 103 लापता हैं। बाढ़ से सड़क और पुल भी ढह गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ से हुई घटनाओं में कम से कम 155 लोग घायल हुए हैं, जबकि 88 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए है। करीब 16 हजार लोगों ने स्कूलों, व्यायामशालाओं और अन्य जगहों पर शरण ली है। बाढ़ से राज्य में जगह-जगह भूस्खलन, सड़कें बहने और पुलों के ढह जाने की भी खबरें मिली हैं। बताया जा रहा है बाढ़ से आठ लाख से ज्यादा लोग बिना पानी के रहने को मजबूर हैं। गवर्नर एडुअर्डो लीते ने कहा कि मैं एक बार फिर दोहरा रहा हूं कि तबाही का यह मंजर बहुत ही खतरनाक है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि राज्य को पुनर्निर्माण के लिए एक तरह के 'मार्शल प्लान' की जरूरत होगी।'' राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला डि सिल्वा ने दूसरी बार राज्य का दौरा किया।

## महिला सांसद को नशीली दवा पिलाकर किया यौन उत्पीड़न

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की महिला सांसद ने आरोप लगाया है कि नाइट आउट के दौरान पहले उसे कुछ नशीला पदार्थ पिलाया गया। इसके बाद उसका यौन उत्पीड़न किया गया। क्वींसलैंड लेबर पार्टी की सांसद ब्रिटनी लाउगा ने कहा कि मध्य क्वींसलैंड शहर येपून में जब वह नाइट आउट के लिए निकली थी, उसी दौरान यह हादसा उनके साथ हुआ है। उन्होंने सुबह-सुबह पुलस में इसकी शिकायत कराई है। अस्पताल में टेस्ट के दौरान मेरे शरीर में ऐसी दवाइयों की पुष्टि हुई है, जिसका कि मैंने सेवन नहीं किया था। सांसद ने कहा कि उनके द्वारा अपनी आपबीती साझा करने के बाद शहर की कई महिलाएं उनके पास पहुंची, जिन्होंने ऐसी घटनाओं का सामना किया था। उन्होंने कहा, यह किसी के साथ भी हो सकता था। हम में से कई लोगों के साथ होता है। यह ठीक नहीं है। हमें नशे या हमले के जोखिम के बिना अपने शहर में सामाजिक मेलजोल का आनंद लेने में सक्षम होना चाहिए।उन्होंने आगे कहा, मेरे समर्थन में आगे आने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं। मैं वास्तव में आपके विचारशील संदेशों को महत्व देती हूं। यदि आपके पास कोई जानकारी है जो जांच में सहायता कर सकती है, तो कृपया पुलिस को बताएं।

## स्कूली छात्रों के पास वो सूची मिली जिसमें लिखा था ये लड़कियां रेप के लायक नहीं

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित एक बड़े स्कूल में स्कूली छात्रों की बनाई लिस्ट से हंगामा मच गया है। खबर है कि लिस्ट में छात्राओं के नाम शामिल किए गए थे और उन्हें बलात्कार नहीं करने लायक या क्यूटी जैसे अपमानजनक वर्गों में बांटा गया था। शीट के सामने आने के बाद से ही खलबली है। स्कूल प्रशासन ने पैरेंट्स के साथ आपातकाल बैठक भी की है। स्प्रेडशीट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डिसकॉर्ड पर वायरल हो गई थी। इसके बाद से ही विवाद ने तूल पकड़ लिया था। कहा जा रहा है कि लिस्ट को 11 छात्रों ने मिलकर तैयार किया था। खबर लगते ही स्कूल में बैठक हुई लिस्ट में शामिल छात्रों के पैरेंट्स को बुलाया गया। बैठक में स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर मार्क मैरी भी शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार बातचीत में डॉक्टर मैरी ने कहा, मेरी पहली प्रतिक्रिया थी कि ये बहुत डरावना है कि ऐसी क्रूर चीज भी की जा सकती है और हमारे किसी भी छात्र के प्रति ऐसा अपमानजनक रवैया रखा जा सकता है। उन्होंने कहा, मेरी प्राथमिकता युवतियों को लेकर है, जिन्हें निशाना बनाया गया है। यह मेरी पहली चिंता है। साथ ही मुझे उन लोगों को भी जिम्मेदार ठहराना है, जिन्होंने ये किया है।ऑस्ट्रेलियाई वेबसाइट के अनुसार, यारा वैली ग्रामर के चार छात्रों के सस्पेंड किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक स्प्रेडशीट सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया है। लिस्ट में छात्राओं को अपमानजनक तरीके से शामिल किय गया था। खबर है कि छात्राओं के नामों को वाइफीज, क्यूटीज और बलात्कार नहीं करने लायक जैसे लिस्ट में लिखा गया था।

## अंतरिक्ष यात्रियों को दी जाएगी 'मौत की दीवार' पर ट्रेनिंग, चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट रह सकेंगे सेहतमंद

वॉशिंगटन । चंद्रमा पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को 'मौत की दीवार' पर ट्रेनिंग दी जाएगी जो उन्हें कमजोर स्थिति में चंद्रमा पर जाने से रोकेगी। आपने मेले में ऐसा 'कुआं' देखा होगा जो एक बड़ी बेलनाकार संचरना होती है जिसमें गोल खड़ी दीवार पर मोटरसाइकल या कार चलाई जाती हैं। इसी दीवार को मौत की दीवार कहते हैं। मालूम हो कि चंद्रमा की सतह पर लंबे समय तक समय बिताने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए अतिरिक्त तकनीक की आवश्यकता होगी। ऐसा करने का एक तरीका अंतरिक्ष यात्रियों को गतिशील रखने के लिए एक विशाल दीवार की संरचना करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस दुनिया से बाहर जाने वाले खोजकर्ता ज्यादा कमजोर न हो जाएं, इस संरचना का उपयोग अंतरिक्ष यात्रियों की फिटनेस को बनाए रखने के लिए किया जाएगा क्योंकि वे कभी न खत्म होने वाली दीवार के साथ दौड़ेंगे। मिलान विश्वविद्यालय में फिजियोलॉजी के प्रोफेसर अल्बर्टो मिनेटी हैरान हैं कि अंतरिक्ष यात्री टीमों ने अभी तक चंद्रमा पर शारीरिक गतिविधि बनाए रखने की योजना पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें हैरत है कि पहले किसी को यह विचार नहीं आया था। यह चंद्रमा पर प्रशिक्षण का एक सुविधाजनक तरीका हो सकता है। दीवार का मतलब है कि पृथ्वी पर वापस आने वाले वैज्ञानिक एक आदर्श अंतरिक्ष यान पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को फिट रखने के लिए लगातार चलती दीवार की आवश्यकता नहीं होती है। पृथ्वी पर वॉल ऑफ डेथ के परीक्षणों से पता चला है कि उपकरण का उपयोग करते समय अंतरिक्ष यात्रियों को सीधा रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन कम गुरुत्वाकर्षण में उन्हें 8 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते हुए देखना चाहिए और गिरने का खतरा नहीं होना चाहिए। अंतरिक्ष यात्रियों को स्वस्थ स्थिति में रखने के लिए 'कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण' का उपयोग करने का मतलब होगा कि चंद्रमा स्थित नासा के सदस्यों की हड्डियां स्वस्थ होंगी और मांसपेशियों की ताकत बनी रहेगी। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय में न्यूरोमस्कुलोस्केलेटल पुनर्वास की प्रोफेसर मारिया स्टोक्स ने मौत की दीवार के उपयोग के फायदों की पुष्टि की।

## नागप्पट्टिनम और कांकेसंथुराई के बीच नौका सेवा 13 मई से फिर होगी शुरु

कोलंबो। भारत में तमिलनाडु के नागप्पट्टिनम और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना जिले के कांकेसंथुराई (केकेएस) शहर के बीच यात्रियों के लिए नौका सेवा 13 मई से फिर से शुरू होगी है। भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। लगभग 40 वर्षों के बाद पिछले साल अक्टूबर में शुरू की गई यह सेवा खराब मौसम के कारण कुछ दिनों बाद ही बंद कर दी गई थी। उच्चायोग ने कहा, ''जुलाई 2023 में श्रीलंका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान संयुक्त रूप से अपनाए गए आर्थिक साझेदारी के दृष्टिकोण में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संपर्क को मजबूत करना एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। नौका सेवा की बहाली भारत सरकार की जनकेंद्रित नीतियों की पुष्टि करती है।''

पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ भारत की भविष्य की योजनाओं में बिजली ग्रिड को आपस में जोड़ना, बहुउद्देशीय पाइपलाइन और भू-संपर्क के लिए आर्थिक गलियारा स्थापित करना शामिल हैं। भारत ने कांकेसंथुराई बंदरगाह के पुनर्वास के लिए श्रीलंका को 6.36 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता भी बढ़ा दी है। श्रीलंका के कांकेसंथुराई (केकेएस) बंदरगाह करीब 16 एकड़ में फैला हुआ है और यह पुदुचेरी के कराईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर दूर है।



ब्राजील की बाढ़ की ड्रोन से ली हुई तस्वीर, इस दौरान पोर्टो एलीग्रे से लोगों का निकाला गया।

## जोस राउल मुलीनो का पनामा का राष्ट्रपति बनना तय!



पनामा सिटी,(ईएमएस)। पनामा के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति रिकार्डो मार्टिनेली के स्थान पर आखिर वक्त में चुनाव मैदान उतारे गए जोस राउल मुलीनो का मध्य अमेरिकी देश पनामा का राष्ट्रपति बनना लगभग तय है। अधिकारियों ने रविवार रात तक 88 फीसदी मतों की गिनती के साथ अनौपचारिक नतीजों की घोषणा की। पूर्व सुरक्षा मंत्री मुलीनो (64) के पक्ष में 35 फीसदी वोट पड़े जिससे उन्हें अन्य उम्मीदवारों पर नौ अंकों की बढ़त हासिल हुई है। पनामा में जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं वह चुनावों में विजेता घोषित होता है। तेजतर्रार पूर्व नेता मार्टिनेली को धनशोधन के मामले में दस साल की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था जिसके बाद मुलीनो को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया। पनामा के इतिहास में अब तक के सर्वाधिक उथल-पुथल वाले चुनाव के बाद मुलीनो का देश का नया नेता बनना लगभग तय माना जा रहा है। उनके सामने अर्थव्यवस्था में मंदी, विस्थापन, पनामा नहर में परिवहन को बाधित कर रहा सूखा और पिछले साल बड़े पैमाने पर हुए खनन विरोधी प्रदर्शनों के बाद आर्थिक परिणामों की चुनौती होगी।

# गाजा विरोध प्रदर्शन के कारण ग्रेजुएशन सेरेमनी किया रद्द, कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने लिया फैसला

**(एजेंसी)।** कोलंबिया विश्वविद्यालय ने सोमवार को फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों के बाद छोटे, स्कूल-आधारित कार्यक्रमों के पक्ष में अपने विश्वविद्यालय-व्यापी स्नातक समारोह को रद्द कर दिया, जिसने विश्वविद्यालय परिसर को हिलाकर रख दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, 15 मई को होने वाला ग्रेजुएशन समारोह फ़िलिस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शन के कारण रद्द कर दिया गया है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने एक बयान में कहा, ÷हमने अपनी प्रारंभिक गतिविधियों का केंद्रबिंदु अपने कक्षा दिवसों और स्कूल-स्तरीय समारोहों को बनाने का फैसला किया है, जहां छात्रों को 15 मई को होने वाले विश्वविद्यालय-व्यापी समारोह के बजाय उनके साथियों के साथ व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जाता है।



विश्वविद्यालय ने कहा कि उसने स्नातक स्तर की पढ़ाई को कैसे संभालना है, यह तय करने के लिए छात्र नेताओं से परामर्श किया था। अधिकांश समारोह, जो मॉर्निंगसाइड हाइट्स परिसर में होने वाले थे, जहां अधिकांश विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उन्हें विश्वविद्यालय के मुख्य एथलेटिक परिसर में ले जाया जाएगा। कोलंबिया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन कुछ दिनों से चल रहा है और अमेरिका भर के दर्जनों अन्य विश्वविद्यालयों में भी इसी तरह के प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारी, अपनी ओर से गाजा में स्थायी युद्धविराम, इज़राइल के लिए अमेरिकी सैन्य सहायता को समाप्त करने और इज़राइल की घुसपैठ से लाभ कमाने वाली कंपनियों से विश्वविद्यालय विनिवेश की मांग कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क पुलिस ने चोरी और अतिक्रमण के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें कम से कम 30 छात्र, पूर्व छात्र और कोलंबिया के कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने व्यापक ध्यान आकर्षित करने वाले विरोध शिविरों को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को सीमा पार हमले का नेतृत्व किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 250 अन्य को बंधक बना लिया था।

## शाहबाज सरकार में फिर विदेश मंत्री बनेंगे बिलावल भुट्टो-जरदारी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी के एक और कार्यकाल के लिए वापसी की संभावना है क्योंकि उनकी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) सत्ता-साझाकरण समझौते को अंतिम रूप देने के करीब थे। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर अंदरूनी सूत्रों पर विश्वास करते तब बिलावल विदेश मंत्री के रूप में शहबाज शरीफ की कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में उनकी बातचीत के दौरान पार्टी के दिग्गजों के बीच सहमति बनी है।

उन्होंने दावा किया कि बिलावल, जो शुरू में कैबिनेट में शामिल होने के लिए तैयार नहीं थे, फिर विदेश मंत्री बनने के लिए सहमत हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों पक्ष अब पीपीपी के औपचारिक रूप से कैबिनेट में शामिल होने के विवरण और समय पर काम कर रहे हैं। सूत्रों का हवाला देकर कहा गया कि शहबाज चाहते हैं कि पीपीपी जून के पहले सप्ताह में पेश हो रहे अगले बजट से पहले कैबिनेट में शामिल हो। हालाँकि, यह साफ नहीं है कि पीपीपी बजट से पहले कैबिनेट में शामिल होगी या बाद में। सूत्रों के मुताबिक एक बात तय है। पीपीपी जून में कैबिनेट का हिस्सा होगी।

मौजूदा विदेश मंत्री इशाक डार को बिलावल को शीर्ष राजनयिक बनने की अनुमति देने के लिए उप प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया था। सूत्रों ने कहा कि डार का कार्यालय पीएमओ में स्थापित हो रहा है और बिलावल के लिए विदेश कार्यालय खाली करने के बाद वह वहीं से काम करने वाले है। सूत्रों के मुताबिक, डार कभी भी विदेश मंत्री के रूप में सहज नहीं रहे, क्योंकि वह हमेशा अपने पसंदीदा वित्त मंत्रालय को देखना चाहते थे। लेकिन शहबाज़ और पीएमएल-एन के अन्य लोग उन्हें दूर रखना चाहते थे। फिर भी, वह प्रधान मंत्री को उन्हें अपना डिप्टी नियुक्त करने के लिए मनाने में कामयाब रहे।

## दक्षिण लेबनान में इजराइल ने दांगी मिसाइलें, चार नागरिकों की मौत

अल जबल, ।इजराइल-हमास युद्ध के बीच दक्षिण लेबनान के माएस अल जबल शहर में रविवार को इजराइली हवाई हमले में चार नागरिकों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। एजेंसी ने बताया कि जब माएस अल जबल के लोग पिछले इजराइली हमले में अपनी दुकानों और घरों में हुए नुकसान का जायजा ले रहे थे तो उसी दौरान इजराइल ने फिर हवाई हमला कर दिया। इजराइली सेना ने कहा कि उसके लड़ाकू विमान ने हिजबुल्लाह के कब्जे वाले दक्षिणी लेबनानी शहर में सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है।

हिजबुल्लाह ने रविवार को दावा किया कि उसने लेबनान-इजराइल सीमा के पास इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए कम से कम 10 हमले किए, जबकि इजराइली सेना ने कहा कि उस पर लगभग 40 मिसाइले दागी गईं, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## इजराइल ने अल-जजीरा को हमास का मुखपत्र बताकर देश छोड़ने को कहा

**तेलअवीव (एजेंसी)।** इजराइल ने कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक 'अल जजीरा' के देश में स्थित कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने आदेश उस वक्त दिया है, जब कतर गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते में मदद कर रहा है। इजराइल के आदेश के तहत प्रसारण उपकरणों को जब्त किया जाएगा, चैनल की रिपोर्ट के प्रसारण को रोका जाएगा और उसकी वेबसाइट को अवरुद्ध किया जाएगा। माना जाता है कि यह पहली बार है जब इजराइल ने किसी विदेशी समाचार संस्थान के कामकाज को रोक दिया है।

'अल जजीरा' हमास के इजराइल पर हमले के बाद से लगातार युद्ध की खबरें प्रसारित करता रहा है। युद्ध में हताहतों की जमीनी रिपोर्टिंग सहित, अल जजीरा' की अरबी शाखा अक्सर हमास और क्षेत्र के अन्य आतंकवादी समूहों के वीडियो बयान जारी करती है, इसकी नेतन्याहू सरकार ने काफी आलोचना की है। नेतन्याहू ने कहा, अल जजीरा के पत्रकारों ने इजराइल की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया और सैनिकों के खिलाफ भड़काया। अब हमारे देश से हमास के मुखपत्र को बाहर करने का समय आ गया है।''

'उधर अल जजीरा' ने कहा कि वह ''अपने अधिकारों और पत्रकारों, साथ ही जनता के सूचना के अधिकार की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी संस्थाओं के माध्यम से सभी उपलब्ध कानूनी उपाय का सहारा लेगा। अल जजीरा' ने कहा, इजराइल द्वारा स्वतंत्र प्रेस का लगातार दमन, अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानून का उल्लंघन है।

# फ्रांस ने यूक्रेन में भेजी अपनी सेना, यूरोप में बड़ी जंग का खतरा!

### – इसका उद्देश्य डोनबास में रूस को रोकने में यूक्रेन की मदद करना

**पेरिस (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के बीच अब फ्रांस ने ऐसा कदम उठाया है, जो यूरोप में बड़ी जंग को दावत दे सकता है। फ्रांस ने आधिकारिक तौर पर यूक्रेन में अपनी सेना भेजी है। फ्रांसीसी सैनिकों को यूक्रेन की 54वीं स्वतंत्र मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के समर्थन में तैनात किया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांस ने यूक्रेन में 1500 विदेशी सैनिकों को भेजने का फैसला किया है। फिलहाल, फ्रांसीसी सैनिकों के प्रारंभिक समूह में करीब 100 सैनिकों की टुकड़ी को यूक्रेन भेजा है। ये तैनाती ऐसे समय में की गई है, जब रूस ने यूक्रेन में अपना अभियान तेज कर दिया है। इन सैनिकों का उद्देश्य डोनबास में रूस को रोकने में यूक्रेन की मदद करना है। फ्रांसीसी टुकड़ी में तोपखाने के विशेषज्ञ हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फ्रांस ने जिन सैनिकों को यूक्रेन भेजा है वे तीसरी इन्फैंट्री रेजिमेंट से हैं। जो फ्रांस की मुख्य टुकड़ी है। फ्रांस की विदेशी सेना में बड़ी संख्या में यूक्रेनियन और रूसी शामिल हैं। फ्रांस की इस विदेशी सेना को कमांड फ्रांसीसी अधिकारी करते हैं, लेकिन इसमें तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी विदेशी हैं। इसमें सैनिकों को गुमनाम होने की छूट भी होती है। इसमें काम करने वाले सैनिक तीन साल की अवधि के लिए सेवा करते हैं, जिसके बाद वे फ्रांसीसी नागरिकता की मांग कर सकते हैं। अगर कोई सैनिक घायल हो जाता है तो वह बिना किसी प्रतीक्षा अवधि के फ्रांसीसी नागरिकता का हकदार होता है। विदेशी सेना में कोई भी महिला नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पिछले कई महीनों से यूक्रेन में फ्रांसीसी सेना को भेजने की धमकी दे रहे थे। हालांकि, उन्हें नाटो देशों से इस बारे में समर्थन नहीं मिला है। ये भी कहा जाता है कि अमेरिका नाटो सैनिकों को यूक्रेन में भेजे जाने का विरोध करता है। इस बीच फ्रांसीसी सैनिको के यूक्रेन भेजने के बाद ये सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यूक्रेन में फ्रांस ने लाल रेखा को पार कर दिया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन लगातार ये धमकी देते रहे हैं कि अगर नाटो की सेनाएं यूक्रेन में घुसती हैं तो इसे सीधे तौर पर युद्ध माना जाएगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन परमाणु ताकत के इस्तेमाल की धमकी भी देते रहे हैं। माना जा रहा है कि विदेशी सैनिकों को भेजकर फ्रांस ने एक बचाव भी अपने पास रखा है। वह कह सकता है कि भेजे गए लोग फ्रांसीसी नागरिक नहीं हैं। इस फैसले से मैक्रां को यूक्रेन में विदेशी सेना भेजने पर अधिक घरेलू विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा और सख्त फैसले लेने वाले व्यक्ति की छवि का भी निर्माण करेगा।

# लैटिन अमेरिका में डेंगू फैला, हजारों की मौत, 60 लाख लोग प्रभावित

### – कई देशों में इमरजेंसी लागू, सेना ने संभाला मोर्चा

**पेरु (एजेंसी)।** लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में जनवरी से अप्रैल के बीच डेंगू के 60 लाख मामले सामने आ चुके हैं। डेंगू ने यहां तबाही मचा रखी है। माना जा रहा है कि अभी पीक सीजन आना बाकी है। आने वाले महीनों में हालत और भी खराब हो सकते हैं। ब्राज़ील ऐसा देश है, जो सबसे ज्यादा डेंगू की चपेट में है। यहां अब तक जनवरी से अप्रैल के बीच 42 लाख मामले सामने आ चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्राजील के 26 राज्यों में से ज्यादातर में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। सेना ने मोर्चा संभाल लिया है और जगह-जगह फील्ड हॉस्पिटल बना रही है, ताकि मरीजों का इलाज किया जा सके। आलम यह है कि मच्छरों से बचाने वाली दवाएं, मॉस्किटो क्वाइल जैसी चीजें स्टॉक खत्म हो चुका है। ब्राजील की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक देश की 1.8 फ़ीसदी आबादी डेंगू की चपेट में है। अब तक 2000 से ज्यादा मौतें हो चुकी है, जो किसी एक साल में डेंगू से मरने वालों की सबसे ज्यादा है।

लैटिन अमेरिकी देश पेरू और पुएटरोरियो भी डेंगू से जंग लड़ रहे हैं और यहां भी इमरजेंसी लागू है। पेरू में जनवरी से अब तक 1,35,000 मरीज सामने आ चुके हैं जबकि 117 की मौत हो चुकी है। अर्जेंटीना में भी डेंगू बहुत तेजी से बढ़ रहे है। मेक्सिको, उरुग्वे, चिली जैसे देश भी डेंगू की मार झेल रहे हैं। जानकारो का कहना है कि पिछले 30 सालों में लैटिन अमेरिकी क्षेत्र का तापमान हर दशक में 0.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ता गया, इससे मच्छरों को प्रजनन का अनुकूल माहौल मिला और उनकी तादाद बहुत तेजी से बढ़ती गई। मच्छरों की अधिकांश प्रजातियां गर्म तापमान में पनपती हैं और ग्लोबल वार्मिंग के चलते गर्म इलाके बढ़े हैं जिसमें लैटिन अमेरिका और कैरेबियन भी शामिल हैं।

लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों में 2023 में अल नीनो की शुरुआत के साथ स्थिति और खराब हो गई। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सतह के पानी में असामान्य वृद्धि हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में तापमान बढ़ गया। इससे मच्छरों की आबादी और बढ़ गई। लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों में तेजी से हो रहा शहरीकरण, डेंगू फैलने का एक और कारण है।

लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में जिस तरीके से डेंगू ने कहर बरपाया है, ऐसी स्थिति में डेंगू के टीके की जरुरत पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। हालांकि, कई फैक्टर हैं जो इसकी राह में रोड़ा हैं। डेंगू, मादा मच्छरों के काटने से फैलता है और इस वायरस के कुल




चार प्रकार के होते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि कोई टीका आपको एक वायरस से बचाता है, तो अन्य प्रकार के वायरस का खतरा बढ़ जाता है। सबसे बड़ी चुनौती एक ऐसी वैक्सीन विकसित करना है जो डेंगू के सभी प्रकार के स्ट्रेन के खिलाफ काम करे। वैज्ञानिकों ने ऐसे टीके बनाए हैं जो चारों प्रकार के स्ट्रेन से रक्षा करता है लेकिन ये बहुत महंगे हैं।

# आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स में होगा अहम मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला करेगी। दिल्ली के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है। उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच को हर हाल में जीतना होगा। इस मैच में हार से वह मुकाबले से बाहर हो जाएगी। ऐसे में टीम की कड़ी परीक्षा होगी क्योंकि रॉयल्य की टीम अंत तालिका में नंबर एक पर होने के साथ ही शानदार लय में है। उसके पास बेहतरीन बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। इस मैच में दिल्ली की संभावनाएं कप्तान कप्तान ऋषभ पंत और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क की बल्लेबाजी पर आधारित रहेगी। इसका कारण है कि ये दोनो ही बल्लेबाज अभी तक जबरदस्त फार्म में हैं। वहीं उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। अभी तक इस सत्र में दिल्ली ने 11 में से पांच मैच जीते और उसके 10 अंक हैं और वह छठे नंबर पर है। ऐसे में उसे अपने बचे हुए तीनों की मैच जीतने होंगे। तभी वह 16 अंक तक पहुंचेगी। इसके बाद भी उसे प्लेआफ में जगह मिले ये तय नहीं है। ऐसे में उसके अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी।

वहीं दूसरी और रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक पर है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन, के अलावा जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और रियान पराग जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि इन्हें दिल्ली के गेंदबाजों खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव से सतर्क रहना होगा। इसके अलावा अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके दिल्ली के कप्तान पर अंकुश लगाना रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। रॉयल्स के पास अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट, स्पिनर युजवेंद्र चहल और अनुभवी आर अश्विन जैसे गेंदबाज हैं।,

चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और अच्छा है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है वहीं दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी अच्छा रहा है। खलील अहमद, मुकेश कुमार, लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया ने अब तक काफी रन दिये हैं। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरा जोर लगा देंगी। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक रहेगा।




## टीम

**राजस्थान रॉयल्स-** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**दिल्ली कैपिटल्स-** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# भारतीय महिला और पुरूष रिले टीमों ने किया पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई







**नासाउ (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया।

रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3-28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2-59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही।

दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

# इस प्रकार प्लेऑफ में पहुंच सकती है आरसीबी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल के लीग मुकाबले अपने अंतिम चरण में पहुंच गये हैं। इस बार पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस अंत तालिका में अंतिम स्थान पर होने के कारण जहां प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) शुरुआती हार के बाद लगातार तीन जीत के साथ ही प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। आरसीबी ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को 4 विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए हलकी सी संभावनाएं बनाये रखी हैं हालांकि अब भी आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना बेहद कठिन है, इसके लिए उसे अपने बचे हुए सभी मुकाबलों को बड़े अंतर से जीतने के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजरें रखनी होंगी।

आरसीबी के फिलहाल 11 मैचों में आठ अंक हैं और उसका नेट-रनरेट अब भी माइनस (-0.049) में है। अगर आरसीबी अपने बाकी तीनों मैच जीत जाती है तो भी वह अधिकतम 14 अंकों तक पहुंच सकती है। आरसीबी को अभी पंजाब किंग्स , दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स से मुकाबले खेलने हैं।

प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आरसीबी को बाकी के अपनी तीनों मैच जीतने होंगे। साथ ही उसे उम्मीद करनी होगी कि सनराइजर्स हैदराबाद या लखनऊ सुपर जाइंट्स में से कोई एक टीम अपने बचे हुए सभी मैच हार जाये। हैदराबाद के 10 मैचों से 12 और लखनऊ के 11 मैचों से 12 अंक हैं। इसके अलावा आरसीबी को भी ये उम्मीद करनी होगी कि चेन्नई सुपर किंग्स एक और दिल्ली कैपिटल्स दो से अधिक मैच नहीं जीतें। सीएसके के 11 मैचों से 12 और दिल्ली के 11 मैचों से 10 अंक हैं.

यदि ऐसा होता है पांच टीमें 14-14 अंकों की बराबरी पर आ जाएंगी, जिससे नेट-रनरेट अहम हो आ जाएगा। वैसे आरसीबी 12 अंकों के साथ भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है।. यदि आरसीबी एक मैच हार जाती है तो उसे उम्मीद करनी होगी कि दिल्ली, चेन्नई, पंजाब, लखनऊ और हैदराबाद 12 से अधिक अंक न हासिल करें, तब जाकर नेट-रनरेट के जरिए प्लेऑफ के लिए फैसला होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी या नहीं, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष शुक्ला किया सब साफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे।'

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट को अपने यहां आयोजित करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि लाहौर, कराची और रावलपिंडी में चैंपियंस ट्रॉफी की मैच खेले जाएंगे। अभी टूर्नामेंट के लिए हालांकि तारीखों की घोषणा नहीं हुई है।




## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, उसके खिलाफ रणनीति बनाएंगे : बाबर आजम

लाहौर - पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिये रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। उन्होंने कहा, 'हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन वह (कोहली) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे।' उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाये जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। वह 2008 से 2011 तक भारत के और 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के कोच रहे हैं।

# राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या, भाखड़ा नहर में कूदकर दी जान

पटियाला - राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने कहा कि सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है।



# रोहित के नाम है सबसे अधिक टी20 विश्वकप खेलने का रिकार्ड




मुम्बई । आईसीसी टी20 विश्वकप में रोहित शर्मा एक बार फिर भारतीय टीम की कप्तानी करते नजर आयेंगे। रोहित के नाम इस विश्वकप में एक ऐसा रिकार्ड है जिसके करीब आज तक कोई भी खिलाड़ी नहीं पहुंचा। यहां तक कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस मामले में पीछे रह गये हैं। रोहित ने सबसे अधिक बार इस टूर्नामेंट में खेला है। वह इस टूर्नामेंट के पहले सत्र से लेकर अब तक सभी विश्व कप में टीम में शामिल रहे हैं। इस प्रकार उनके नाम टी20 विश्व कप में कुल 39 मैच खेलने का रिकॉर्ड हो गया है। वहीं दूसरे नंबर पर 36 मैच खेलने वाले बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन शामिल हैं। ऐसे में शाकिब ही एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो उनका ये रिकार्ड तोड़ सकते हैं। टी20 विश्वकप में खेलने की इस सूची में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान, वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो, पाकिस्तान के शाहिद अफीरीद, शोएब मलिक, भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल भी शामिल हैं। इन सभी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, वहीं राट कोहली ने केवल 27 मुकाबले खेले हैं, इससे वह भी रोहित शर्मा के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पाएंगे।

# धोनी के नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने पर भड़के हरभजन

**धर्मशाला (एजेंसी)** । पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के पंजाब किंग्स के खिलाफ नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आने पर नाराजगी जतायी है। हरभजन ने कहा कि धोनी को अगर इस नंबर पर आना था तो उन्हें खेलना ही नहीं चाहिये था। धोनी टी20 करियर में पहली बार नंबर 9 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पर वह खाता खोल बिना ही आउट गये। इसी को लेकर हरभजन हरभजन ने कहा कि ऐसे में उन्हें अपनी जगह किसी तेज गेंदबाज हो अवसर देना चाहिये था। साथ ही कहा कि सीएसके इस मैच में जीती पर धोनी के फैसले से लोग निराश हुए।

भज्जी ने कहा कि धोनी ने अपने से पहले शार्दुल ठाकुर को भेजा पर सभी जानते हैं कि शार्दुल धोनी की तरह तेज नहीं खेल सकते। इसलिए मुझे समझ नहीं आता कि धोनी ने ऐसा क्यों किया। धोनी की सहमति के बिना कुछ नहीं होता और ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि किसी ने उन्हें मजूबर किया। वहीं इस मैच में पंजाब किंग्स पर जीत से सीएसके अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है। जीत से उत्साहित टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह की प्रशंसा की है।



# टी-20 विश्व कप के बाद एमएलसी में खेलेंगे हेड




मुम्बई । भारत में अभी आईपीएल खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा है कि वह टी-20 विश्व कप के बाद अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को खत्म होगा। इसके बाद सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड ने आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, इससे टी-20 प्रारुप में उनकी मांग भी बढ़ी है। हेड का कहना है कि उनका खेल से ब्रेक लेने का कोई इरादा नहीं है। वह मेजर लीग में वाशिंगटन फीडम की ओर से खेलने के लिए टीम से जुड़ेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। पोंटिंग भी अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कोच हैं। फीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम ज़म्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे।) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

# भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया

**बहामास (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने यहां बहामास में जारी विश्व एथलेटिक्स रिले में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। इसमें भारतीय महिला टीम दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रही। वहीं पुरुष टीम भी अपनी दूसरी हीट में दूसरे स्थान पर आई। इससे दोनो की टीमों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। इसमें महिलाओं की चार गुणा चार सौ मीटर रिले में रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट और 29.35 सेकंड का समय निकाला और वह दूसरे स्थान पर आई जबकि जमैका की टीम 3.28.54 के साथ पहले स्थान पर रही।

इसके अलावा पुरुषों की चार गुणा चार सौ मीटर रिले में मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब की टीम 3 मिनट और 3.23 सेकेंड का समय निकालकर अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। अमेरिकी पुरुष टीम 2-59.9 का समय निकालकर पहले स्थान पर रही।

वहीं इससे पहले भारतीय महिला टीम पहले दौर की क्वालिफाइंग हीट में 3 मिनट और 29.74 सेकेंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी जबकि पुरुष टीम पहले हीट में राजेश रमेश के बीच में हटने के कारण क्वालिफाइंग नहीं कर पाई थी।




# टी20 विश्व कप को मिली आतंकवादी धमकी, त्रिनिदाद के पीएम का खुलासा


**पोर्ट आफ स्पेन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। रोले ने 'त्रिनिदाद डेली एक्सप्रेस' से कहा, 'यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है।'

उन्होंने किसी संगठन का नाम नहीं लिया लेकिन रपटों में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ने अपने चैनल के जरिए यह धमकी दी है। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है।' इसने कहा, 'हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं। किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।'

रोले ने कहा, 'किसी भी जोखिम से निपटने के लिए स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हम मुस्तैद हैं। हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तरों पर कई खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और अकेले या साथ में हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर आबादी की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।' उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज में सभी छह आयोजन स्थलों की पूरे टूर्नामेंट के दौरान कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि सुरक्षा में कोई सेंध नहीं मार सके।

वेस्टइंडीज में विश्व कप मैच एंटीगा और बारबुडा, बारबाडोस, गयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडा, त्रिनिदाद और टोबैगो में खेले जाएंगे। अमेरिका में मैच फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और टैक्सास में होंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि विश्व कप की फुलप्रूफ सुरक्षा के पूरे उपाय किये जा रहे हैं । क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ जॉनी ग्रेव्स ने कहा, 'हम अधिकारियों के साथ मिलकर हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं और टूर्नामेंट की सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी हितधारकों को टी20 विश्व कप की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करना चाहते हैं। हमने व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना बनाई है।'



# लखनऊ की हार से राजस्थान को झटका, केकेआर अंक तालिका में टॉप पर




स्पोर्ट्स डेस्क - कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 98 रन से जीत दर्ज करके आईपीएल 2024 अंक तालिका में पहले स्थान पर जगह बनाई। 236 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ को हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती के तीन विकेटों की बदौलत 16.1 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। शुरुआत में सुनील नारायण की 39 गेंदों पर 81 रनों की दमदार पारी की बदौलत केकेआर ने 20 ओवरों में 235/6 का स्कोर बनाया। इस बीच लखनई के लिए नवीन-उल-हक ने तीन विकेट लिए। केकेआर 11 मैचों में 16 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स (16) है, जिसके पास भी समान अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (12) तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद (12) चौथे स्थान पर हैं। लखनऊ 12 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। छठे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स (10) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (8) सातवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स (8) आठवें, गुजरात टाइटंस (8) नौवें और मुंबई इंडियंस (10) दस टीमों की तालिका में सबसे नीचे हैं।

# एम्बेसी आरईआईटी कार्यालय स्थल के निर्माण में करेगी 3,800 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली ।

एम्बेसी ऑफिस पार्क्स आरईआईटी अपने मौजूदा कार्यालय परिसरों का निर्माण कार्य पूरा करने अगले चार वर्षों में 3,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रीमियम कार्यस्थल की मांग को देखते हुए यह निवेश किराया खंड का विस्तार करने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। एम्बेसी आरईआईटी भारत का पहला सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) है। इसके पास वर्तमान में बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 3.65 करोड़ वर्ग फुट का पूर्ण कार्यालय स्थान है। एम्बेसी आरईआईटी के एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एक साक्षात्कार में कहा कि कंपनी का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपने खंड का विस्तार करने के लिए कंपनी वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और घरेलू कंपनियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बेंगलुरु में 61 लाख वर्ग फुट प्रीमियम कार्यालय स्थान का निर्माण कर रही है। इसके अलावा कंपनी ने प्रायोजक एम्बेसी समूह से 1,269 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर एम्बेसी स्प्लेंडिड टेक जोन (ईएसटीजेड), एक ग्रेड-ए बिजनेस पार्क



खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हम फिलहाल 61 लाख वर्ग फुट ग्रेड ए कार्यालय स्थल का निर्माण कर रहे हैं। यह अगले चार वर्षों में पूरा हो जाएगा। इन कार्यालय भवनों को पूरा करने के लिए लंबित निर्माण लागत करीब 3,800 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। कंपनी नियोजित निवेश को मुख्य रूप से ऋण के जरिए वित्तपोषित करेगी।

# आईआईएचएल को आरकैप सौदे पर इरडा की मंजूरी नहीं मिली: हिंदुजा

मुंबई ।

आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा कि उसे रिलायंस कैपिटल के 9,650 करोड़ रुपये के अधिग्रहण के लिए बीमा नियामक इरडा से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।उन्होंने कहा कि आईआईएचएल इस सौदे के लिए नवंबर से ही भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि आईआईएचएल को जल्द से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और कहा कि आमतौर पर ऐसी मंजूरी 2-3 महीने में मिल जाती है।हिंदुजा ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आईआईएचएल इरडा की मंजूरी के 48 घंटे के भीतर बोली राशि का भुगतान करके सौदा पूरा कर लेगी। आरकैप की 9,650 करोड़ रुपये की खरीद प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की 27 मई की समयसीमा खत्म होने में तीन सप्ताह से कुछ अधिक समय बाकी है। अशोक हिंदुजा ने कहा कि मॉरीशस स्थित आईआईएचएल ने अधिग्रहण के लिए बैंकों के एक समूह से 7,500 करोड़ रुपये का करार किया है। उन्होंने हालांकि धन देने वाले बैंकों के बारे में कोई विवरण देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख बैंक है, जो समय आने पर धन का प्रबंध करेगा। हिंदुजा ने कहा कि 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के बाकी हिस्से का इंतजाम आईआईएचएल करेगी।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज लॉन्च करेगी 30 हजार करोड़ का हाउसिंग प्रोजेक्ट



नई दिल्ली ।

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज की योजना चालू वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख शहरों में 30,000 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजनाएं लाने की है। कंपनी के कार्यकारी चेयरपर्सन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि भारी मांग के बीच कंपनी का लक्ष्य बिक्री बुकिंग में 20 प्रतिशत वृद्धि पाने की है। पिरोजशा ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमने चालू वित्त वर्ष के लिए 27,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य दिया है, जो 2023-24 में उच्च आधार से 20 प्रतिशत की वृद्धि है।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री बुकिंग 84 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 22,527 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 12,232 करोड़ रुपये थी। यह पिछले वित्त वर्ष के लिए किसी भी सूचीबद्ध इकाई द्वारा दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। पिरोजशा ने कहा कि आवास खंड में, खासकर प्रतिष्ठित ब्रांड्स में मांग मजबूत बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह (2023-24 वित्तीय वर्ष) कुल मिलाकर एक शानदार वर्ष था, चाहे आप नई परियोजना, बिक्री, ग्राहकों से संग्रह, व्यवसाय विकास, परियोजनाओं की आपूर्ति, नकदी प्रवाह और लाभ को देखें। कारोबार में जिस तरह की गति आ रही है, उसे देखकर हम वास्तव में उत्साहित हैं।

उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में आवास की मांग बनी रहेगी। इस मांग को पूरा करने के लिए पिरोजशा ने कहा कि कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद के बाजारों के लिए कई परियोजनाएं शुरू करने के लिए तैयार रखी हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में छह परियोजनाएं शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

# एलआईसी एजेंट ने बुढ़ापे में खड़ी कर दी 23 हजार करोड़ की कंपनी

## - रिटायरमेंट की उम्र में की थी कारोबार की शुरुआत

नई दिल्ली । दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने ढलती उम्र में बड़ी सफलता हासिल की है। ऐसे ही कहानी लक्ष्मण दास मित्तल की है। लक्ष्मण दास सोनालिका ट्रैक्टर्स के फाउंडर हैं। एक समय पर वह एलआईसी के एजेंट हुआ करते थे। उन्होंने अपनी सैलरी से पाई-पाई बचाई थी। रिटायरमेंट की उम्र में उन्होंने कारोबार की शुरुआत की थी। आज देश के टॉप ट्रैक्टर्स के ब्रांड में सोनालिका का नाम शामिल हो चुका है। वह देश के सबसे उम्रदराज अरबपति हैं। लक्ष्मण दास मित्तल की कहानी अनोखी है, उन्होंने लोगों के लिए एक मिसाल कायम की है। लक्ष्मण दास ने दिखा दिया कि सफलता किसी भी उम्र में हासिल की जा सकती है। लक्ष्मण दास मित्तल सोनालिका ग्रुप और सोनालिका ट्रैक्टर्स के चेयरमैन हैं। इनका जन्म 5 अगस्त 1931 को पंजाब के होशियारपुर में हुआ था। इनके पिता हुकुमचंद स्थानीय मंडी में अनाज के डीलर थे, इसलिए उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी। उनके पिता उन्हें हमेशा से ही पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद 1955 में लक्ष्मण दास ने एलआईसी एजेंट के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। लक्ष्मण दास शुरू से ही बिजनेस करना चाहते थे। लेकिन बिजनेस के लिए पूंजी की जरूरत होती है। इसके लिए उन्होंने एलआईसी एजेंट के रूप में काम करते हुए अपनी सैलरी से पाई-पाई बचाई। उसी बचत से उन्होंने 1962 में नौकरी करते हुए थ्रेशर मशीन बनाने का काम शुरू किया, लेकिन इसमें वो सफल नहीं सके। उनका यह कारोबार डूब गया और वे दिवालिया हो गए, इस दौरान उनकी नेटवर्थ सिर्फ 1 लाख रुपये रह गई। साल 1996 में लक्ष्मण दास मित्तल ने अपनी सारी जमा पूंजी लगाकर सोनालिका ट्रैक्टर्स की शुरुआत की थी। लक्ष्मणदास मित्तल की ट्रैक्टर कंपनी का उत्तर भारतीय राज्यों में मजबूत कारोबार है। सोनालिका ग्रुप के 5 प्लांट पांच अलग-अलग देशों में स्थित है। कंपनी 120 से अधिक देशों में ट्रैक्टर निर्यात करती है। फोर्ब्स की लिस्ट में उन्हें अरबपतियों की लिस्ट में शामिल किया गया। उनकी नेटवर्थ 2.5 अरब डॉलर के आस पास है। वर्तमान में सोनालिका समूह का नेटवर्थ करीब 23000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

# थार और जिम्नी को टक्कर देने आ गई 2024 फोर्स गुरखा

## - कंपनी ने 3-डोर वेरिएंट और 5-डोर वेरिएंट किया लॉन्च

नई दिल्ली।

भारतीय बाजार में 2024 फोर्स गुरखा लॉन्च हो गई है जो महिंद्रा की थार और मारुति की जिम्नी को टक्कर देगी। 2024 फोर्स गुरखा का कंपनी ने अपडेटेड 3-डोर वेरिएंट और 5-डोर वेरिएंट लॉन्च किया है। 3-डोर वेरिएंट की कीमत 16.75 लाख रुपए है और नए 5-डोर वेरिएंट की कीमत 18 लाख रुपए एक्स शोरूम है। कंपनी ने 2024 फोर्स गुरखा की बुकिंग शुरू कर दी गई है। ग्राहक इसे 25,000 रुपए टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी मई माह के अंत में शुरू की जाएगी। यह कार महिंद्रा थार और मारुति जिम्नी को टक्कर देगी। फोर्स गुरखा के दोनों वेरिएंट में 2.6-लीटर 4 सिलेंडर डीजल इंजन लगा है, जो 138बीएचपी की पावर और 320एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के जरिए पावर चारों पहियों तक जाती है। 5-डोर वेरिएंट की लंबाई 4,390 मिमी, चौड़ाई 1,865 मिमी और ऊंचाई 2,095 मिमी है। इसका व्हीलबेस 2,825 मिमी लंबा है। वहीं 3-डोर वेरिएंट की लंबाई 3,965 मिमी, चौड़ाई 1,865 मिमी, ऊंचाई 2,080 मिमी और व्हीलबेस 2,400 मिमी है। 2024 फोर्स गुरखा एसयूवी में साइड टायर (255/65 आर18) पर नए आकर्षक 18 इंच के अलॉय व्हील दिए गए हैं।2024 फोर्स गुरखा बैज के साथ एक नया फ्रंट ग्रिल, एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स (डीआरएल) के साथ रेट्रो-स्टाइल गोलाकार एलईडी हेडलैंप और बीच में एक छोटे एयर डैम और गोल फॉग लैंप के साथ एक ब्लैक फ्रंट बम्पर दिया गया है। गाड़ी में 9.0-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, एप्पल कारप्ले और एंड्राइड ऑटो कनेक्टिविटी, एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, टेलीस्कोपिक स्टीयरिंग एडजस्ट, रियर कैमरा और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो ग्राहक को आरामदायक ड्रायविंग का अनुभव कराएंगे।

# भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणा लियों को जोड़ने पर सहमत

नई दिल्ली ।

भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणालियों यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को आपस में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। दोनों देशों ने डिजिटल रूपांतरण पर समझौता ज्ञापन की संभावनाओं, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) से मिलने वाले अवसरों पर भी चर्चा की है। वाणिज्य विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वे छह महीने के भीतर घाना के जीएचआईपीएसएस पर एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) के यूपीआई के संचालन की दिशा में तेजी से काम करने के लिए सहमत हुए हैं। भारत का यूपीआई पहले ही सिंगापुर और यूएई जैसे देशों तक पहुंच चुका है। इसके लिए नाइजीरिया के साथ भी बातचीत चल रही है।



# सऊदी अरब के एक फैसले से कच्चा तेल हुआ महंगा

मुंबई । सऊदी अरब के एक फैसले के बाद वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल के महंगे होने के आसार बढ़ गए हैं। सोमवार को भी क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दरअसल सऊदी अरब ने ज्यादातर क्षेत्रों के लिए जून में कच्चे तेल की कीमत बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके बाद सोमवार को तेल वायदा में तेजी आई और गाजा युद्धविराम समझौते की संभावना भी कम दिखाई दे रही है। इससे यह आशंका फिर से बढ़ गई कि प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष अभी भी बढ़ सकता है। सऊदी अरब के इस तिमाही में ऑयल सप्लाई में कमी के बीच अधिकांश क्षेत्रों के लिए जून ओएसपी बढ़ाने के बाद तेल के दाम ऊपर जाने तय लग रहे हैं। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव सोमवार को उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.31 फीसदी चढ़कर 78.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है जबकि ब्रेंट क्रूड 0.24 फीसदी चढ़कर 83.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। सऊदी अरब ने जून में एशिया, उत्तर-पश्चिमी यूरोप और भूमध्य सागर में बेचे जाने वाले अपने कच्चे तेल की आधिकारिक बिक्री कीमतें बढ़ा दीं, जो इस गर्मी में मजबूत मांग की उम्मीद का संकेत है। इसी का असर है कि जियो-पॉलिटिकल टेंशन कम होने पिछले हफ्ते 7.3 फीसदी से थोड़ी ज्यादा गिरावट के बाद, आईसीई ब्रेंट ने मजबूत स्तर पर नए कारोबारी सप्ताह की शुरुआत की है।पिछले हफ्ते दोनों कच्चे तेल के दोनों कॉन्ट्रेक्ट्स में तीन महीने में अपना सबसे बड़ा साप्ताहिक घाटा दर्ज किया था। इसमें ब्रेंट 7 फीसदी से ज्यादा गिर गया और डब्ल्यूटीआई 6.8 फीसदी लुढ़का था।

# भारत में अनखोजे अवसर हैं, उनकी कंपनी भविष्य में तलाशेगी: वॉरेन बफेट



वाशिंगटन। अरबपति निवेशक वॉरेन बफेट ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में अनखोजे अवसर हैं, जिन्हें उनके समूह की होल्डिंग कंपनी बर्कशायर हैथवे भविष्य में तलाशना चाहेगी। बफेट की यह टिप्पणी हाल ही में बर्कशायर की वार्षिक बैठक के दौरान आई। भारतीय इक्विटी में निवेश करने वाले अमेरिका स्थित हेज फंड दूरदर्शी एडवाइजर्स के राजीव अग्रवाल ने उनसे दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत में बर्कशायर की संभावनाओं के बारे में पूछा था। बफेट से कहा कि यह एक बहुत अच्छा सवाल है। मुझे यकीन है कि भारत जैसे देशों में बहुत सारे अवसर हैं। बर्कशायर हैथवे के सह-संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ ने कहा कि हालांकि, सवाल यह है कि क्या हमारे पास भारत में उन व्यवसायों के बारे में कोई बढ़त या अंतर्दृष्टि है या कोई संपर्क है, जो बर्कशायर की भागीदारी के जरिए लेनदेन को संभव बना सके। उन्होंने कहा कि बर्कशायर में अधिक ऊर्जावान प्रबंधन इसे आगे बढ़ा सकता है। बफेट (93) ने कहा कि बर्कशायर की दुनिया भर में बहुत अधिक प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि जापान में उनका अनुभव काफी दिलचस्प रहा है। भारत के बारे में उन्होंने कहा, हो सकता है कि कोई ऐसा अवसर हो, जिसकी खोज न की गई हो या जिस पर ध्यान न दिया गया हो लेकिन ऐसा भविष्य में हो सकता है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

## सेंसेक्स 17.39 अंक ऊपर आया , निफ्टी 33.15 अंक गिरा

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को सपाट कारोबार हुआ। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 17.39 अंक करीब 0.02 फीसदी ऊपर आकर 73,895.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 33.15 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी टूटकर 22,442.70 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर पांच फीसदी ऊपर आये। बैंक के शेयरों में यह तेजी मार्च तिमाही का लाभ फीसदी बढ़ने से आई है। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ पर बंद हुए। वहीं टाइटन का शेयर 7 फीसदी जबकि भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी नीचे आये। इसके अलावा अगर दुनिया भर के बाजारों की




बात करें तो एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग सकारात्मक रुख पर बंद हुए जबकि जापान और दक्षिण कोरिया के शेयर बाज़ार बंद थे।

यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे और अमेरिका का वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की तेज शुरुआत रही। सुबह बाजार खुलते समय बीएसई का सेंसेक्स 318.53 अंकों की बढ़त के साथ 74,196 पर और निफ्टी 85.75 अंकों की तेजी के साथ 22,561 के लेवल पर खुला है। वहीं शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 480 अंक चढ़कर 74,359.69 अंक पर और निफ्टी करीब 113 अंक की बढ़त के साथ 22,588.80 अंक पर पहुंच गया

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर: पीएमआई

नई दिल्ली । भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया जिसने सामूहिक रूप से सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि को बल दिया। इस बीच एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में 61.5 रहा जो मार्च में 61.8 था। यह 14 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समग्र गतिविधि के संदर्भ में, विनिर्माण व सेवा दोनों क्षेत्रों में कुल उत्पादन अप्रैल में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा यद्यपि थोड़ी धीमी गति से जो इन क्षेत्रों में निरंतर बेहतरी का संकेत देता है।

# इस सप्ताह बाजार में आएंगे तीन कंपनियों के आईपीओ

## - 6,400 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद

नई दिल्ली ।

इस सप्ताह तीन कंपनियां ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस, चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी इंडिजेन और यात्रा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी टीबीओ टेक कुल मिलाकर 6,400 करोड़ रुपए जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाएंगी। इससे पहले जेएनके इंडिया ने पिछले महीने आईपीओ के माध्यम से 650 करोड़ रुपए जुटाए थे। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि साल 2004 के बाद से पिछले चार आम चुनाव चक्रों में मई के दौरान एक भी आईपीओ पेश नहीं हुआ है।

आमतौर पर, इन वर्षों के दौरान अप्रैल से जून की अवधि चुनावी अनिश्चितता के कारण प्राथमिक बाजारों के लिए धीमी रही है। हालांकि, यह प्रवृत्ति अब अगले सप्ताह तीन आईपीओ पेशकश के साथ बदल गई है। आनंद राठी एडवाइजर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नया चलन एक सकारात्मक संकेत है जो भारतीय पूंजी बाजार के परिपक्व होने और राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत की दीर्घकालिक वृद्धि गाथा में विश्वास का संकेत देता है। इंडिजेन का तीन दिन का आईपीओ छह मई को, जबकि आधार हाउसिंग फाइनेंस और टीबीओ टेक का आईपीओ आठ मई को खुलेगा। तीनों कंपनियों के कुल 6,393 करोड़ रुपए के आईपीओ में से 4,233 करोड़ रुपए बिक्री पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से जुटाए जाएंगे।

सेंट्रम कैपिटल में एक साझेदार ने कहा कि समग्र सकारात्मक आर्थिक भावनाओं, शेयर बाजारों में तेजी और मजबूत प्रवाह के कारण प्राथमिक बाजार की गति जारी है। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के 3,000 करोड़ रुपए के आईपीओ में 1,000 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए जाएंगे और ब्लैकस्टोन ग्रुप इंक की सहयोगी कंपनी बीसीपी टोप्को 7 प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 2,000 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। फिलहाल आधार हाउसिंग में बीसीपी टोप्को की 98.72 प्रतिशत हिस्सेदारी है और आईसीआईसीआई बैंक की 1.18 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

कंपनी के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 300-315 रुपए प्रति शेयर तय किया है। चिकित्सा क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनी इंडिजेन के 1,842 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 430-452 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इसके आईपीओ में 760 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे और 1,082 करोड़ रुपए के 2.34 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश होगी।

# आरईसी गिफ्ट सिटी में अनुषंगी कंपनी स्थापित करेगी

नई दिल्ली ।

सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड को गुजरात के गिफ्ट सिटी में एक अनुषंगी कंपनी स्थापित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है।कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित अनुषंगी कंपनी गिफ्ट सिटी के भीतर एक वित्त कंपनी के तौर पर कर्ज देने, निवेश समेत कई वित्तीय गतिविधियों में संलग्न होगी। कंपनी के अनुसार विद्युत मंत्रालय के अधीन और अग्रणी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आरईसी लिमिटेड को गांधीनगर में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एक अनुषंगी कंपनी स्थापित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि भारत में वित्तीय सेवाओं के लिए उभरते केंद्र गिफ्ट सिटी में परिचालन का विस्तार करने का निर्णय तब लिया गया है जब आरईसी अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही है और वृद्धि के नए रास्ते खोल रही है। आरईसी लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गिफ्ट सिटी मंच विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ अंतरराष्ट्रीय ऋण गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि आरईसी वैश्विक बाजार में अपने लिए जगह बनाने के लिए इन लाभों का उपयोग करेगी।

# वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर पांच फीसदी गिरे

नई दिल्ली । वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में सोमवार को पांच प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता के इस्तीफा देने के बाद शेयरों में गिरावट आई। बीएसई पर फिनटेक कंपनी के शेयर 4.99 प्रतिशत गिरकर 351.70 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह पांच प्रतिशत गिरकर 351.40 रुपये पर आ गया। हाल ही मे एक आधिकारिक बयान में गुप्ता के इस्तीफा देने की जानकारी दी गई थी। वह 31 मई के बाद कंपनी से अलग हो जाएंगे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in